# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 22 जनवरी 2024


*मुदित महीपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत्रु बोलाए॥*
*कहि जयजीव सीस तिन्ह नाए। भूप सुमंगल बचन सुनाए॥*

राजा आनंदित होकर महल में आए और उन्होंने सेवकों को तथा मंत्री सुमंत्र को बुलवाया। उन लोगों ने 'जय-जीव' कहकर सिर नवाए। तब राजा ने सुंदर मंगलमय वचन (श्री रामजी को युवराज पद देने का प्रस्ताव) सुनाए॥





रिधि सिधि संपति नदीं सुहाई। उमगि अवध अंबुधि कहुँ आई॥
मनिगन पुर नर नारि सुजाती। सुचि अमोल सुंदर सब भाँती॥

ऋद्धि-सिद्धि और सम्पत्ति रूपी सुहावनी नदियाँ उमड़-उमड़कर अयोध्या रूपी समुद्र में आ मिलीं। नगर के स्त्री-पुरुष अच्छी जाति के मणियों के समूह हैं, जो सब प्रकार से पवित्र, अमूल्य और सुंदर हैं॥2॥

# श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

## भव्य राम मंदिर का दृश्य...


अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर रविवार शाम को राम मंदिर का दृश्य।


अभिषेक समारोह से पहले राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास श्रद्धालु।


सरयू नदी में पवित्र डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु।

## प्राण प्रतिष्ठा का होगा सीधा प्रसारण

# दुनियाभर के मंदिरों में सुंदरकाण्ड पाठ

अयोध्या में सोमवार को राम मंदिर के भव्य शुभारंभ पर दुनिया के अलग-अलग देशों में भी जश्न की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अमेरिका, यूके, कनाडा, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड समेत दक्षिण अफ्रीका और गल्फ देशों में भी राम मंदिर के शुभारंभ पर पूजा पाठ, भजन कीर्तन और सुंदरकांड समेत रामचरितमानस के पाठ शुरू कर दिए गए हैं। अमेरिका में बसे भारतीयों के समूह ने यहां के सभी छोटे बड़े 1100 मंदिरों में सुंदरकांड और रामचरितमानस का पाठ भी शुरू कर दिया है। अमेरिका के "सुंदरकांड परिवार समूह" ने मंदिरों में सुंदरकांड का पूरा आयोजन किया है।



**अमेरिका, इंग्लैंड सहित कई देशों में राम नाम की लूट**

**अयोध्या में आज होना है भव्य राम मंदिर का उद्घाटन**

### अमेरिका की सड़कों में दिखेगा लाइव प्रसारण

अमेरिका के अलग-अलग शहरों में भी इसी तरीके की तैयारी की गई है। न्यूयॉर्क में बसे भारतीय समुदाय ने तो टाइम्स स्क्वायर के बिल बोर्ड पर राम मंदिर के शुभारंभ का लाइव प्रसारण करने की पूरी तैयारी की है। न्यूयॉर्क स्थित एक प्रमुख भारतीय बैंक के कर्मचारी शुब्रांत बैनर्जी कहते हैं कि यहां के मंदिरों में 15 तारीख से ही सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। अलग-अलग राज्यों में लगातारसुंदरकांड रामचरितमानस पाठ समेत हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया, कनाडा दुबई में भी धूम

कनाडा के विनिपेग में रहने वाले हिमांशु शर्मा कहते हैं कि यहां के मंदिरों में जबरदस्त तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कनाडा के अलग-अलग प्रांतों में भी राम मंदिर शुभारंभ की तैयारी हुई हैं। भंडारे से लेकर लाइव शुभारंभ दिखाने की योजना है। दुबई में रह रहे दीपक शर्मा बताते हैं कि यहां के हिंदू समुदाय के लोगों ने राम मंदिर के भव्य शुभारंभ पर अपने घरों में दीपक जलाने से लेकर पूजा पाठ की तैयारी की है।

## थाल को जयपुर में किया गया है तैयार

# 7.5 किलो चांदी के थाल से रामलला को लगेगा पहला भोग

अयोध्या में आने वाले 22 जनवरी को राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। जयपुर में बने चांदी के थाल से रामलला को पहला भोग लगाया जाएगा। थाल को 7.5 किलो चांदी से तैयार किया गया है। इस थाल को चांदी की शिला पर हनुमानजी हाथों पर उठाए हुए है। इस थाल को जयपुर के राजीव पाबूवाल और लक्ष्य पाबूवाल ने तैयार किया है। उन्होंने बताया कि इस थाल को रामायण और रामचरित मानस के अध्ययन के बाद बनाया गया है। थाल में भगवान राम के 4 अश्व कर्म,धर्म,अर्थ,मोक्ष को उकेरा गया। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रभु राम की सेवा का सौभाग्य जयपुर को भी मिला है। महोत्सव के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम के विग्रह को चांदी के जिस थाल में पहला भोग परोसा जाएगा, वह थाल गुलाबी नगरी में तैयार हुआ है।



### थाल की खासियत

इस थाल की सबसे खास बात ये है, कि इसे चांदी की शिला पर हनुमानजी अपने दोनों हाथों से उठाए हैं। थाल में रखे गए कलश में चार अश्व लगाए गए हैं। साथ ही 9 नवरस (नौ भावनाएं), नवधा भक्ति (नौ भक्ति के रूप), नवग्रह (नौ ग्रह) और नवदुर्गा (मां दुर्गा के नौ रूप) को प्रदर्शित करते हुए नौ शुभ चिह्न भी उकेरे गए हैं।

# मुस्लिम राम भक्त ने पीओके से भेजा पवित्र जल

**अयोध्या।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए देश के कई नदियों और सरोवरों का जल लाया गया है। इस बीच पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित शारदा पीठ कुंड का जल भी अयोध्या लाया गया है। इस जल को वहां के एक मुस्लिम श्रद्धालु ने ब्रिटेन के रास्ते अयोध्या भेजा है। भारत और पाकिस्तान के बीच डाक सेवाओं के बंद होने की वजह से जल को पहले कूरियर से ब्रिटेन भेजा गया, फिर वहां से उसे अयोध्या भेजा गया। इस बारे में 'सेव शारदा कमेटी कश्मीर के संस्थापक रविंदर पंडित ने बताया ''पीओके में शारदा पीठ के शारदा कुंड का पवित्र जल तनवीर अहमद और उनकी टीम ने एकत्र किया है। एलओसी के पार सिविल सोसाइटी के हमारे सदस्य इसे इस्लामाबाद ले गए, जहां से यह भारत पहुंचा, शनिवार को पवित्र जल अयोध्या में वीएचपी को सौंपा गया।











# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## आ गया ऐतिहासिक दिन
## आज श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा देश-विदेश में दिवाली

## छत्तीसगढ़ की गली-गली में राम-राम की गूंज







## अयोध्या में 4 से 5 घंटे रहेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य रूप से अयोध्या में मौजूद रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी 4 से 5 घंटे तक अयोध्या में रहेंगे। पीएम मोदी 22 जनवरी को लगभग 10.30 बजे अयोध्या पहुंच जाएंगे। इसके बाद वह 4 से 5 घंटे तक अयोध्या में रहकर अलग अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पीएम राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य यजमान की भूमिका निभाने के साथ ही अयोध्या में अन्य जगहों पर भी जाएंगे। पीएम मोदी के अलावा सैकड़ों बड़ी हस्तियां अयोध्या में मौजूद रहेंगी। इस पूरे कार्यक्रम पर सभी की नजरें हैं। न सिर्फ अयोध्या में बल्कि देश की अन्य जगहों पर जश्न का माहौल है। जगह-जगह कार्यक्रम हो रहे हैं।

### ऐसी तैयारी

पीएम मोदी रामलला की मूर्ति से पर्दा हटाएंगे

भगवान राम की आंखों में काजल लगाएंगे

भगवान को सोने के वस्त्र पहनाए जाएंगे

रामलला को 56 भोग लगाया जाएगा

### पीएम मोदी का शेड्यूल

- सुबह 10:25 बजे: अयोध्या एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का आगमन
- सुबह 10:45 बजे: अयोध्या हेलीपैड पर आगमन
- सुबह 10:55 बजे: श्री राम जन्मभूमि पर आगमन
- सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक: आरक्षित
- दोपहर 12:05 बजे से 12:55 बजे तक: प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेंगे
- 12:55 बजे: पूजा स्थल से प्रस्थान करेंगे
- दोपहर 1:00 बजे: सार्वजनिक समारोह स्थल पर पहुंचेंगे
- दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक: अयोध्या में एक सार्वजनिक समारोह में भाग लेंगे
- 2:10 बजे: कुबेर टीला का दर्शन करेंगे

# रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता। आयउ कुसल देव मुनि त्राता॥


*राम भक्तों को वर्षों से जिस पल का इंतजार है, उसके लिए अयोध्या पूरी तरह से तैयार है। भव्य स्तर पर बहु-प्रतीक्षित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन सोमवार को होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होंगे। इस समारोह के अगले दिन ही यह मंदिर जनता के लिए खोल दिया जाएगा। देश-दुनिया में राम नाम की गूंज है। शहर हो या गांव सभी जगह जय श्रीराम गूंज रहा है। अयोध्या और जन्मभूमि को फूलों और लाइट्स से सजाया गया है। राम की पौड़ी पर लेजर शो भी किया गया।*

### देशभर से पहुंचे उपहार

| 56 | 500 | 500 | 108 | 2100 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|
| किस्म के पेठा | किलो का नगाड़ा | किलो कुमुकम | फुट की अगरबत्ती | किलो की घंटी | फुट ऊंचा ताला |

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

प्राण प्रतिष्ठा समारोह अपराह्न 12.20 बजे शुरू होगा और अपराह्न एक बजे तक उसके पूरा होने की संभावना है। इसके बाद प्रधानमंत्री आयोजन स्थल पर संतों और प्रतिष्ठित शख्सियतों समेत 7,000 से अधिक लोगों की सभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को टेलीविजन पर सीधा प्रसारण भी होगा। इसे देखते हुए भाजपा शासित राज्यों और ओडिशा ने एक दिन के अवकाश की घोषणा की है जबकि केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है। भगवान राम की जन्म स्थली अयोध्या में प्राधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसके साथ ही देश और विदेश में इस अवसर पर विशेष उत्सव की घोषणा की गयी है। वाशिंगटन डीसी से लेकर पेरिस और सिडनी तक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में 22 जनवरी को कार्यक्रमों की घोषणा की गई है।



### देशभर में आधे दिन की छुट्टी

देशभर में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बीमा कंपनियां, वित्तीय संस्थान और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भी 22 जनवरी को आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। एनएसई और बीएसई स्टॉक एक्सचेंज ने भी इस दिन कारोबार न होने की घोषणा की है। भाजपा शासित राज्यों और ओडिशा ने एक दिन के अवकाश की घोषणा की है जबकि केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है।

### ऐतिहासिक पल

**10.00 बजे** से 'मंगल ध्वनि' का होगा भव्य वादन

**10.30 बजे** मेहमानों का राममंदिर में होगा प्रवेश

**12.20 बजे** शुरू होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा विधि

**84** सेकंड तक चलेगी विशेष पूजा अर्चना

**121** वैदिक आचार्य करवाएंगे पूजन

### अयोध्या राममय

भव्य राम मंदिर को फूलों और विशेष रोशनी से सजाया गया है और पूरा शहर धार्मिक रंग में रंगा हुआ है या यूं कहे कि 'अयोध्या राममय हो रही है'। यह मंदिर नगरी 'शुभ घड़ी आयी', 'तैयार है अयोध्या धाम, विराजेंगे श्री राम', 'राम फिर लौटेंगे', 'अयोध्या में राम राज्य' जैसे नारों वाले पोस्टर और होर्डिंग से पटा हुआ है।

## सीएम साय शिवरीनारायण साव लोरमी, विजय कवर्धा में देखेंगे प्राण प्रतिष्ठा का लाइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस कार्यक्रम को प्रदेश में हजारों स्थानों पर लाइव दिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जहां शिवरीनारायण के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ वहां प्राण प्रतिष्ठा का लाइव देखेंगे, वहीं दिनभर वहां के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसी तरह से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा और अरुण साव अपने विधानसभा क्षेत्र लोरमी में लाइव देखने के साथ वहां कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल दिनभर रायपुर के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दूधाधारी मठ में लाइव देखने के साथ वहां के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी तरह से सभी मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्रों के कार्यक्रम में शामिल होंगे। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पूरे देश में दीपावली की तरह मनाने का फैसला किया है। यही वजह है कि ज्यादातर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मंत्रियों को अयोध्या से अलग रखते ▶▶| शेष पेज 2 पर

- **प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसद अपने-अपने क्षेत्रों के कार्यक्रमों में होंगे शामिल**

### बृजमोहन-सुनील होंगे रायपुर के कार्यक्रमों में शामिल

प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को दिनभर रायपुर के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सुबह दूधाधारी मठ के कार्यक्रम में शामिल होने के साथ वहीं पर बड़ी स्क्रीन में सबके साथ बैठकर अयोध्या का लाइव देखेंगे। इस कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत, इंद्र कुमार साहू भी शामिल होंगे। श्री अग्रवाल शाम को चंदखुरी में माता कौशल्या के मंदिर में होने वाले रामोत्सव में शामिल होंगे। इसके बाद रात को राम मंदिर में होने वाले कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। सांसद सुनील सोनी भी दिनभर रायपुर के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रात को कटोरा तालाब के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### रक्त, राजनीति और भक्ति की गौरव गाथा
### देखें विशेषांक

पेज 1

पेज 2

पेज 3

पेज 4

पेज 5



## राम के ननिहाल छग में भगवा रंग, सज गए शहर और गांव



### राजधानी में आज 40 से ज्यादा शोभायात्रा, जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में आज होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए छत्तीसगढ़ भी भक्तिरस में डूबा हुआ है। प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाने राजधानी के अलावा राज्य के शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक शोभायात्रा निकाली जा रही हैं। शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से हो सके, इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को आदेश जारी कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ▶▶| शेष पेज 2 पर

## 10 लाख दीपों से जगमग होगी अयोध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

22 जनवरी की शाम अयोध्या 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित की जाएगी। अयोध्या सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित कर दीपावली मनाई जाएगी।

### सरयू नदी के तटों की मिट्टी से तैयार किए गए दीये



सरयू नदी तट पर संध्या आरती।

### दर्शन का समय

मंदिर में दर्शन सुबह 7 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक होगा।

### आरती का समय

प्राण प्रतिष्ठा के बाद, मंदिर के द्वार भक्तों के लिए आरती समारोह में भाग लेने के लिए खुलेंगे। मंदिर में तीन अलग-अलग प्रकार की आरती की जाएगी और उपस्थिति के लिए पास निःशुल्क जारी किए जाएंगे। प्रत्येक आरती की क्षमता सीमित होगी, जिससे केवल तीस व्यक्ति ही आध्यात्मिक अनुभव में भाग ले सकेंगे। प्रतिदिन तीन आरती क्रमशः सुबह 6.30 बजे, दोपहर 12.00 बजे और शाम 7.30 बजे की जाएंगी। आरती समारोह के लिए पास की आवश्यकता है।

सुबह **6.30** बजे श्रृंगार/जागरण आरती

दोपहर **12.00** बजे भोग आरती

शाम **7.30** बजे संध्या आरती

### ये अतिथि बनेंगे साक्षी

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किए गए करीब 7000 लोगों की लिस्ट में राजकीय अतिथियों का नाम भी शामिल है। इसके साथ-साथ प्रमुख राजनीतिक नेता, उद्योगपति, फिल्म अभिनेता और राजनयिक शामिल हैं। उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनका परिवार, बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन का नाम राजकीय अतिथियों की सूची में शामिल है। प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अमिताभ बच्चन एक निजी विमान से अयोध्या पहुंचेंगे।

- **विशेष विमान से पहुंचेंगे अमिताभ, परिवार के साथ आएंगे अंबानी**




मंगलमूल रामु सुत जासू। जो कछु कहिअ थोर सबु तासू॥
रायँ सुभायँ मुकुरु कर लीन्हा। बदनु बिलोकि मुकुटु सम कीन्हा॥

मंगलों के मूल श्री रामचन्द्रजी जिनके पुत्र हैं, उनके लिए जो कुछ कहा जाए सब थोड़ा है। राजा ने स्वाभाविक ही हाथ में दर्पण ले लिया और उसमें अपना मुँह देखकर मुकुट को सीधा किया॥

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

चिंतन

# वेड इन इंडिया से मजबूत होगा आर्थिक राष्ट्रवाद

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को भी मजबूत करने के लिए आवाम को प्रेरित करते रहते हैं। पीएम ने वोकल फॉर लोकल के बाद अब 'वेड इन इंडिया' का आह्वान किया है। दरअसल समृद्ध भारतीय विदेश में जाकर वेडिंग सेरेमनी करते हैं। एक अनुमानित आंकड़े के मुताबिक भारतीय प्रति वर्ष करीब पांच हजार से अधिक शादियां विदेश में जाकर कर रहे हैं। इन पर करीब एक लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं। विदेश में होने वाली शादियां अगर भारत में ही शिफ्ट हो जाएं तो ये पैसे भारत में ही खर्च होंगे, जिससे देश का पैसा बाहर जाने से बच जाएगा और अंततः भारतीय अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। विदेशियों में भारत आकर वेडिंग करने का ट्रेंड नहीं है, वे अपने मुल्क के प्रति सचेत होते हैं। दरअसल, भारतीयों में विदेशी वस्तुओं व जगहों को लेकर अजीब आकर्षण है, कुछेक समृद्ध लोगों में स्वदेशी वस्तुओं, जगहों और भाषाओं के प्रति उदासीन भाव हैं, वे विदेश में व विदेशी वस्तुओं पर खर्च कर अपने अहं को तुष्ट करते हैं। एक अनुमान के मुताबिक विदेशी सामान, विदेशी विक्रेताओं से खरीदने के चलते करीब 11 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियां भारत से मुनाफा के रूप में ले जाते हैं। भारतीयों में अगर स्थानीय, मेड इन इंडिया उत्पादों के प्रति भावना जाग जाए, तो विदेशी कंपनियों को जाने वाले मुनाफे देश में ही रह सकते हैं। भारतीय अपनी खरीदारी की आदत बदल कर हर वर्ष सात से आठ लाख करोड़ रुपये विदेश जाने से बचा सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी इसलिए वोकल फॉर लोकल पर जोर देते हैं। हाल ही में पीएम ने लक्षद्वीप के समुद्र तट की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा किया तो, मालदीव परेशान हो गया। पीएम ने रामेश्वरम स्थित रामसेतु के पास की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की है। पीएम की कोशिश है कि लोग देश के अंदर ही खूबसूरत जगह पर घूमने जाएं। भारतीय हर वर्ष मालदीव, इंडोनेशिया, थाईलैंड, यूरोप, अमेरिका आदि देशों के टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स पर घूमने पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं। अगर लोग देश के अंदर मौजूद टूरिस्ट जगहों पर भी जाएं, तो स्वदेशी पर्यटन को मजबूती मिलेगा। इन सबका फायदा अर्थव्यवस्था को होगा। भारत में हर वर्ष करीब 800 से 1000 फिल्में बनती हैं, जिनकी शूटिंग्स पर करोड़ों खर्च होते हैं। इनमें से बहुत सारे शूटिंग्स विदेशी लोकेशन्स पर होते हैं। अगर हमारे फिल्म निर्माता भारत के खूबसूरत लोकेशन्स पर फिल्मों की शूटिंग्स करें, तो भारतीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और देश में पैसे खर्च होने से घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बहुत से ऐसे छोटे-छोटे कदम हैं, जिनसे देश की तरक्की को पंख लग सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवम्बर को अपने मन की बात कार्यक्रम में भी विदेशों में की जाने वाली डेस्टिनेशन शादियों पर चिंता जताई थी और लोगों से भारत में ही शादी करने की अपील की थी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का मानना है कि देश में ही डेस्टिनेशन शादियां हों तो भारतीय अर्थव्यवस्था में एक संभावित बदलाव लाने की पहल हो सकती है। भारत में खूबसूरत जगहों की भरमार है, सौ से अधिक शहरों में करीब दो हजार से अधिक स्थान हैं, जहां डेस्टिनेशन वेडिंग आयोजित किए जा सकते हैं। कैट ने व्यापारियों और नागरिक समाज के बीच भारत के डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान भी शुरू किया है। वेड इन इंडिया से आर्थिक राष्ट्रवाद मजबूत होगा।

आस्था
सुरेश जैन



# गुरुकुल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में श्रीराम

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम का जीवन समाज के लिए आदर्श है। उनकी शिक्षा गुरुकुल में होती है। बाबा तुलसी के शब्दों में गुरु गृह पढ़न गए रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। श्रीराम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं, किन्तु वे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में जाते हैं। इस व्यवस्था का व्यक्तित्व निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वे दूसरे विद्यार्थियों की तरह ही रहते हैं। गुरुकुल में परा और अपरा दोनों तरह की शिक्षा ग्रहण की जाती है। परा विद्या में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा एवम धनुर्विद्या शामिल है। इससे उनकी समझ, अनुभव, विवेक, विचारशीलता और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की पृष्ठभूमि तैयार होती है। ऐसे ही पाठ्यक्रमों की परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में की गई है। इसमें मुख्य विषय के अलावा आनुषांगिक विषयों को भी पढ़ाए जाने के लिए पाठ्यक्रम बनाए गए हैं। गुरुकुल में भी इसी तरह की व्यवस्था है, उनके मूल विषय के रूप में कूटनीति और धनुर्विद्या जैसे विषयों को पढ़ना अनिवार्य है, ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। गुरुकुल में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि विद्यार्थी के लिए जितना महत्वपूर्ण उसका औपचारिक अध्ययन है, उतना ही महत्वपूर्ण आसपास का परिवेश है। उस परिवेश के माध्यम से छात्रों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन, समय प्रबंधन, सामाजिक सामंजस्य की कला और नेतृत्व के गुण आते हैं। शिक्षा की पूर्णता में दोनों ही समान रूप से आवश्यक है। विष्णु पुराण में कहा गया है-तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्त, आयासाय परम कर्म विद्यान्या शिल्प नैपुणम अर्थात कर्म वही है, जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है, जो मुक्त करे। गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने



वाली शिक्षा है। मुक्ति का अर्थ सामाजिक जीवन की कुरीतियों से मुक्ति। अंधविश्वास से मुक्ति। ऊंच-नीच के मनोभाव से मुक्ति। अवैज्ञानिक सोच से मुक्ति। स्वार्थ और जड़ता से मुक्ति। हर तरह के अहंकार से मुक्ति। विद्या के बारे में कहा गया है-विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम। विद्या विनय देती है। उससे पात्रता विकसित होती है। व्यक्ति उतना ही सीख पाता है, जितनी उसकी पात्रता होती है। जिसकी पात्रता जितनी व्यापक होती है, उसका व्यक्तित्व भी उतना ही व्यापक होता है। सागर जैसा व्यापक होने के लिए उसके जैसी व्यापक विनम्रता और शांत चित्त की आवश्यकता होती है। श्रीराम गुरुकुल जाकर इसी विनम्रता को आत्मसात करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सागर जैसा विस्तार देती है, जिसके लिए नर-वानर में कोई भेद नहीं। गुरुकुल में आत्मसात किए गए इन सभी सद्गुणों का असर श्रीराम के जीवन पर परिलक्षित होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि आरंभिक शिक्षा मातृभाषा में हो, शिक्षा में भारतीय मूल्यों और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर हो। शिक्षा समावेशी हो। राम के गुरुकुल की शिक्षा प्रकृति के नैसर्गिक परिवेश में दी जाती है। बटुक कठिन परिस्थितियों में भी जीवन-यापन के गुर सीखता है। स्वतंत्र भारत में गठित विशेषज्ञ समितियों की एकमत राय रही है कि शिक्षा भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी इस पर बल दिया गया है। राम के गुरुकुल में शिक्षा और संस्कार इस तरह से एकरूप हैं कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। संस्कार, शिक्षा पर आधारित हैं और शिक्षा संस्कारों की आधारशिला है। इस माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कारमय बनाकर उन्हें आदर्श मानव बनाना ही शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य है। राम द्वारा गुरुकुल में प्राप्त की गई शिक्षा उन्हें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता देती है। अपने राज्य से दूर जहां पर उन्हें कोई जानने वाला नहीं है, वहां पर वे स्थानीय लोगों को एकजुट करते हैं और समुद्र पर सेतु निर्माण का जटिल कार्य संपन्न करते हैं। तत्पश्चात रावण जैसे शत्रु पर विजय प्राप्त करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में कौशल विकास के साथ ही व्यावहारिक शिक्षा पर भी उतना ही ध्यान दिया गया है, जितना कि सैद्धांतिक शिक्षा पर। राम गुरुकुल से सैद्धांतिक विषयों के साथ ही युद्धकला की भी शिक्षा ग्रहण करते हैं। अपनी इस विद्या के बल पर वे ताड़का, मारीच और खर-दूषण जैसे समाज विरोधियों को समाप्त कर शांति स्थापित करते हैं और रावण पर भी विजय प्राप्त करते हैं।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद एवम तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद-यूपी के कुलाधिपति हैं।)



प्राण प्रतिष्ठा विशेष
नरेंद्र सिंह तोमर

राम हमारी आस्था के सर्वोच्च शिखर हैं, आराध्य हैं। हमारी जीवनशैली, सामाजिकता, संस्कृति, शासन व्यवस्था में ही नहीं हर भारतीय की रग-रग में भगवान राम समाए हुए हैं। भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान श्री राम का चित्र अंकित है। संविधान में जहां नागरिकों के मौलिक अधिकारों का जिक्र है, वहां श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के रावण वध के बाद लंका से अध्योध्या लौटने का चित्र है। यही चित्र हमारे संविधान में राम राज्य की भावना को उद्धृत करता है। राम राज्य की कल्पना के साकार होने के इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बन रहे हैं, यह हमारे लिए गौरव की बात है। साथ ही हम सभी के लिए एक ईश्वर प्रदत्त सौगात भी है।

# आस्था का उत्कर्ष है राम मंदिर

त्रेतायुग से लेकर अब तक सतत रूप से उत्कृष्ट एवं आदर्श शासन प्रणाली के लिए भारत में 'राम राज्य' की संकल्पना सबसे उपयुक्त एवं व्यावहारिक रही है। वही राम राज्य जिसका स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चल रहे संघर्ष काल में हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी देखा था, किंतु अतीत में देखें तो पाते हैं कि स्वतंत्रता के पश्चात सात दशक तक दुर्भाग्य से राम राज्य की स्थापना को लेकर कोई भी प्रयास नहीं किया गया। लोक कल्याण और सुशासन जैसे शब्द सिर्फ शब्दकोष की शोभा बढ़ाते रहे, व्यवहार में उन्हें लाने में सरकारों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। अब समय बदला है और सोच भी। विगत एक दशक भारत की पुनर्स्थापना के समय रहा है, वस्तुतः स्वतंत्रता के बाद यही वह समय है जब हम राम राज्य की अवधारणा को जमीन पर उतारने जा रहे हैं। अयोध्या में निर्मित प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर राम राज्य की अवधारणा के मूर्त होने का क्षण है। यह हमारी आस्था का उत्कर्ष तो है ही इसके साथ-साथ हमारी शासन व्यवस्था में भी सर्वोच्च होने का प्रतीक है। प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर उनका भव्य मंदिर बने इसके लिए पांच सौ से अधिक वर्षों का लंबा संघर्ष काल बीता है। हजारों कार सेवकों, साधु–संतों, सनातनियों ने अपना बलिदान दिया है। यह हमारी पीढ़ी का सौभाग्य है कि हम भव्य राम मंदिर के स्वप्न को अपनी आंखों से साकार होते देख रहे हैं।

छह दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचा गिराए जाने के पहले और बाद की भी लंबी संघर्ष की कहानी है। यद्यपि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के एतिहासिक निर्णय के बाद यह विवाद स्वतः समाप्त हो चुका है कि भगवान श्री राम का जन्म अयोध्या में उसी स्थान पर हुआ था जहां राम मंदिर था और बाद में उसे तोड़कर बाबरी ढांचा बना दिया गया, किंतु प्रासंगिकता को देखते हुए इसके एतिहासिक और पौराणिक साक्ष्यों पर एक दृष्टि नितांत आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर को लेकर दिए अपने 1045 पन्ने के ऐतिहासिक फ़ैसले में कई किताबों और दस्तावेजों का जिक्र किया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में वृहत धमोत्तर पुराण का जिक्र है, जिसके अनुसान अयोध्या सात पवित्र नगरियों में से एक है, इसके अनुसार-अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांचि, अवन्तिका। पुरी, द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः। इसी तरह वाल्मीकि रामायण से लेकर स्कंद पुराण तक में अयोध्या नगरी और श्री राम के वहां जन्म होने का वर्णन है। यहां तक कि अकबर के शासन काल के दौरान अबुल फजल द्वारा लिखी गई आईने अकबरी में भी अवध का वर्णन करते हुए लिखा गया है कि इस पवित्र नगरी में त्रेता युग में राजा रामचंद्र रहते थे।

अत्युत दुखद विषय यह है कि यहां राजनीतिक कु-इच्छओं और तुष्टिवाद के चलते राम जन्म भूमि पर भगवान राम के मंदिर की राह में कई वर्षों तक रोड़े अटकाए गए। 1853 में नवाब वाजिद अली शाह के शासन से रामलला की जन्मभूमि पर पूजा को रोकने का शुरू हुआ सिलसिला कई दशकों तक चला है। अंग्रेजों ने अपनी फूट डालो और राज करो नीति के तहत राम मंदिर विवाद को सबसे ज्यादा गहराया और मंदिर के भीतर रामलला की पूजा नहीं होने दी।



1950 में राम जन्मभूमि को लेकर शुरू हुई कानूनी लड़ाई 70 के दशक तक चली है। राम जन्म भूमि आंदोलन में भारतभूमि के महान संतों, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और लाखों कार सेवकों का संघर्ष और तप आज स्मरणीय हैं। इस आंदोलन की धुरी बने संत परमहंस रामचंद्र दास, विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल एवं अन्य महापुरूषों का योगदान भी आज याद किया जाना चाहिए।

25 सितंबर 1990 को गुजरात के सोमनाथ से लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में शुरू हुई रथ यात्रा और राम जन्मभूमि आंदोलन राम लला के मंदिर निर्माण के युद्ध का एक शंखनाद था जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के रूप में पूर्ण हो रहा है। राम मंदिर का निर्माण भाजपा की हमेशा से ही प्राथमिकताओं में शामिल रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ संकल्पशक्ति एवं नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद संपूण देश एक मन-एक मत से प्रभु श्री राम मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। मोदी ने अपने अटल संकल्प और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है कि जो उन्होंने कहा था वह पूरा करके दिखाया है और इसके साथ ही देश के करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक और चिरप्रतीक्षित राम मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है।

राम हमारी आस्था के सर्वोच्च शिखर हैं, आराध्य हैं। हमारी जीवनशैली, सामाजिकता, संस्कृति, शासन व्यवस्था में ही नहीं हर भारतीय की रग-रग में भगवान राम समाए हुए हैं। भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान श्री राम का चित्र अंकित है। संविधान में जहां नागरिकों के मौलिक अधिकारों का जिक्र है, वहां श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के रावण वध के बाद लंका से अध्योध्या लौटने का चित्र है। यही चित्र हमारे संविधान में राम राज्य की भावना को उद्धृत करता है।


अयोध्या तो इस समय वैश्विक पटल पर छाया ही हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास भी विरासत भी' ध्येय वाक्य पर चलते हुए वाराणसी में 'काशी कॉरिडोर' उज्जैन में 'महाकाल पथ', पवित्र चारधाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री को हर मौसम में निर्बाध सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 900 किलोमीटर लंबी चारधाम सड़क परियोजना, सोमनाथ मंदिर पुनर्निमाण परियोजना, धार्मिक स्थलों के लिए बेहतर रेल एवं हवाई मार्ग की कनेक्टिविटी जैसे कई कार्यों ने एक नया परिदृश्य निर्मित किया है।

अयोध्या के राजा के रूप में प्रभु श्री राम ने जिस आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी थी, सदियों से हम उसे 'राम राज्य' के रूप में आत्मसात कर अनुकरण कर रहे हैं। राम मंदिर का निर्माण पूरा करके और भगवान राम को वहां विराजमान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल राम मंदिर के स्वप्न को साकार करने का भगीरथी कार्य किया है, अपितु समदर्शी, सर्वस्पर्शी, लोककल्याणकारी शासन शैली के माध्यम से राम राज्य की पुनर्स्थापना का भी कार्य किया है। यह संयोग ही है कि स्वतंत्रता के अमृतकाल में हमें नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा सशक्त, संकल्पवान और संवेदनशील नेतृत्व मिला है, जिन्होंने एक दशक में राष्ट्र पुनर्रुत्थान के कई नए आयाम स्थापित किए हैं जो उल्लेखनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय भी हैं। राम राज्य की कल्पना के साकार होने के इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बन रहे हैं, यह हमारे लिए गौरव और सौभाग्य की बात तो है ही साथ ही यह हम सभी के लिए एक ईश्वर प्रदत्त सौगात भी है।

(लेखक म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## राम मंदिर



अयोध्या में रविवार को राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर जारी अंदर का दृश्य।

## आज की पाती

### अयोध्या जरूर जाएंगे

भगवान श्री राम का नाम लेते ही मानसिक शांति मिलती है। वह सनातन धर्म या भारत के लिए ही आदर्श नहीं हैं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्ष बाद उनका जो भव्य मंदिर बन रहा है और वहां 22 जनवरी को राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसकी खुशी जाहिर करने के लिए जो तैयारियां चल रही हैं उन्हें देखकर लग रहा है कि दीपावली का त्योहार आने वाला है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे राम भक्त भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है, तब हमें अयोध्या जाने की बजाय अपने–अपने घर पर ही इसकी खुशी मनानी चाहिए। *- सतीश उपाध्याय, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सस्ती दवाइयों से पैसे बचे



आयुष्मान भारत योजना की वजह से 6 करोड़ से अधिक लोग अस्पताल में मुफ्त इलाज करवा चुके हैं। 10 हज़ार जन औषधि केंद्र भी खोले हैं, जहां 80% डिस्काउंट पर दवाइयां मिल रही हैं। सस्ती दवाइयों से ग़रीब के 30,000 करोड़ रुपये बचे हैं।
**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### तत्काल युद्धविराम का आह्वान



गाजा में लोग न केवल बम और गोलियों से, बल्कि भोजन, साफ पानी की कमी और बिजली और दवा के बिना भी मर रहे हैं। ये रुकना चाहिए। मैं तत्काल युद्धविराम और सभी बंधकों की तत्काल बिना शर्त रिहाई के आह्वान से पीछे नहीं हटूंगा।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### भाग्य आपके नियंत्रण में है



परमानंद नियंत्रण से बाहर जाने जैसा है लेकिन सचेत रूप से। जब आप जानते हैं कि सचेत रूप से नियंत्रण से बाहर कैसे जाना है, तो आप हर चीज़ पर पूरी तरह नियंत्रण में हैं। आपके जीवन का भाग्य आपके नियंत्रण में है। **-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### भ्रष्ट मुख्यमंत्री के चर्चे




भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री के चर्चे असम में हर ज़बान पर हैं, पर भ्रष्टाचार के इस पेड़ की जड़ दिल्ली में है। मुख्यमंत्रियों का काम राज्य के संसाधनों को निचोड़ कर चढ़ावा दिल्ली दरबार में अर्पित करना है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### इजराइल-हमास युद्ध में 25 हजार फलस्तीनी हुए मृत



इजराइल और हमास के बीच तीन महीने से अधिक समय से जारी युद्ध में 25,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल–किद्रा के अनुसार, पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पतालों में कम से कम 178 शव और लगभग 300 घायल लाए गए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इजराइल–हमास युद्ध में महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ित हैं। सात अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर अचानक हमला कर करीब 1200 लोगों को मार डाला था, इनमें से अधिकतर आम नागरिक थे। हमलावरों ने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 250 को बंधक बना लिया। इजराइल ने हवाई अभियान के साथ जवाबी हमले शुरू किए और फिर उत्तरी गाजा में जमीनी आक्रमण किया, जिससे पूरा इलाका लगभग तबाह हो गया। इजराइली बलों की जमीनी कार्रवाई अब दक्षिणी शहर खान यूनिस और मध्य गाजा में निर्मित शरणार्थी शिविरों पर केंद्रित है।

## ऑफ बीट

### बच्चे को जेब खर्च कब और कितना दें



बच्चों को जेब खर्च (पॉकेट मनी) देना परिवारों के लिए वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण निर्णय हो सकता है। यह सवाल उठाता है कि बच्चों को जेब खर्च देना कब शुरू करना चाहिए और कितना देना चाहिए। एक अहम सवाल यह भी है कि क्या बच्चों को घरेलू कामकाज करने के ऐवज में जेब खर्च देना चाहिए। एक वित्त शोधकर्ता और अभिभावक के रूप में, जेब खर्च को एक शैक्षिक अवसर के रूप में देखना भी महत्वपूर्ण है। आप इसका उपयोग बच्चों को सोच–समझकर वित्तीय निर्णय लेने, सार्थक लक्ष्य निर्धारित करने और खर्च के दौरान जिम्मेदारी भरा रवैया अपनाने की आदतें विकसित करने के लिए कर सकते हैं। यहां बताया गया है कि आप इस संबंध में कैसे उचित निर्णय ले सकते हैं। आपको कब शुरू करना चाहिए? जेब खर्च के लिए कोई ''सही उम्र'' नहीं है, लेकिन जब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं और जोड़ना व घटाना सीखना शुरू करते हैं, तो आप उन्हें जेब खर्च के रूप में थोड़े पैसे देने पर विचार कर सकते हैं।

रायपुर, सोमवार 22 जनवारी 2024 पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी, वर्ष : 22, अंक : 186, पृष्ठ : 12+12 = 24, मूल्य : 5.00** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

*बिनु सत्संग विवेक न होई।*
*राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥*
*सठ सुधरहिं सत्संगति पाई।*
*पारस परस कुधात सुहाई॥*

सत्संग के बिना विवेक नहीं होता और राम जी की कृपा के बिना वह सत्संग नहीं मिलता, सत्संगति आनंद और कल्याण की जड़ है। दुष्ट भी सत्संगति पाकर सुधर जाते हैं जैसे पारस के स्पर्श से लोहा सुंदर सोना बन जाता है।







अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प
विकसित भारत

मोदी सरकार की गारंटी
विरासत भी, विकास भी
भव्य-दिव्य-नव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण
श्री अयोध्या धाम को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात



CBC 22201/13/0192/2324


## खबर संक्षेप

### मोबाइल से कार्टून देखते 5 साल की बच्ची को हार्ट अटैक



**मुरादाबाद।** यूपी के हसनपुर में मां के साथ मोबाइल में कार्टून देखते समय पांच साल की बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि बच्ची को कोई बीमारी नहीं थी। चिकित्सक का कहना है कि हार्टअटैक भी मौत का कारण हो सकता है। यह घटना हसनपुर क्षेत्र के गांव हथीखेड़ा की है। गांव में महेश खड़गवंशी का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी और पांच वर्षीय इकलौती बेटी कामिनी थी। शुक्रवार की रात करीब नौ बजे कामिनी अपनी मां के साथ चारपाई पर बैठकर मोबाइल देख रही थी। इसी बीच कामिनी की तबीयत बिगड़ी तो वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसके हाथ से मोबाइल नीचे गिर गया। परिजनों ने बेहोशी की हालत में कामिनी को निजी चिकित्सक को दिखाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### मंत्री-अफसरों के साथ मंथन, सूर्य शक्ति अभियान की जानकारी भी ली

# शाह ने समझा हमलों का पैटर्न, कहा- तीन साल में नक्सलवाद खत्म करना होगा

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर नकेल कसने को लेकर बड़ी रणनीति बनाने के लिए रविवार को यहां समीक्षा बैठक की। उन्होंने सबसे पहले नक्सलियों के हमले के पैटर्न को पुलिस अधिकारियों से बारीकी से समझने का काम किया। एक-एक हमले के बारे में जानकारी लेकर उन्होंने अभी तो तत्काल में कोई बड़ा निर्देश नहीं दिया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि इस पैटर्न को आधार बनाकर नक्सलियों के खिलाफ बड़ी रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में एक माह से चल रहे सूर्य शक्ति अभियान की भी केंद्रीय गृह मंत्री ने जानकारी ली।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद नक्सली वारदातों में इजाफा हो गया है। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने रायपुर प्रवास में नक्सल मामलों को लेकर रविवार को समीक्षा बैठक की। इसमें सबसे पहले श्री शाह ने यह सवाल किया कि आखिर नक्सलियों के हमले का पैटर्न क्या है। उनके इस सवाल के बाद नक्सल अभियान से जुड़े अधिकारियों ने नक्सलियों के हमले को लेकर पूरी प्रस्तुति दी। इसकी पहले से तैयारी की गई थी। नक्सलियों के हमले का जो पैटर्न ▶▶|शेष पेज 2 पर

*बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला सहित प्रदेश के आला अधिकारी हुए शामिल*




### केंद्र की नक्सलवाद को समाप्त करने की तैयारी

छत्तीसगढ़ की बैठक में जानकारी लेने के बाद केंद्रीय मंत्री ने अभी कोई बड़ा निर्देश नहीं दिया है। लेकिन उन्होंने नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की बात जरूर की है। केंद्र सरकार हर हाल में छत्तीसगढ़ के साथ देश से नक्सलवाद को समाप्त ▶▶|शेष पेज 2 पर

### शाह की बैठक के बाद त्वरित निर्णय

- नक्सल इलाकों में तेज होगा एंटी नक्सल ऑपरेशन
- अच्छा काम करने वाले सभी पुलिस अधीक्षकों की सराहना
- माओवाद क्षेत्र ऑपरेशन के साथ-साथ डेवलपमेंट के काम तेजी लाने एसपी-कलेक्टर्स को निर्देश
- दूसरी एलडब्ल्यूई की बैठक जल्द आयोजित की जाएगी

### 48 घंटे में दूसरी बार हमले का आरोप

# न्याय यात्रा में राहुल से की धक्का-मुक्की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम में है। इस दौरान इस यात्रा को लेकर राज्य में गर्मागर्मी का माहौल है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी एक दूसरे पर जमकर हमला कर रहे हैं। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को असम में राहुल गांधी के साथ ▶▶|शेष पेज 2 पर

#### राहुल बोले- जनता भाजपा से डरने वाली नहीं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत असम सरकार लोगों को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होने के खिलाफ धमकी दे रही है। यात्रा मार्गों पर कार्यक्रमों की अनुमति देने से भी इंकार कर रही है। लोग भाजपा से डरते नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि ▶▶|शेष पेज 2 पर

#### मोदी-मोदी के लगे नारे, राहुल का फ्लाइंग किस

यात्रा के दौरान जब राहुल गांधी अपनी बस से ट्रैवल कर रहे थे, कई लोगों ने अचानक से मोदी-मोदी के नारे लगा दिए। नारों को सुन कांग्रेस नेता ने उन समर्थकों को फ्लाइंग किस दे दिया गया। इधर, राहुल ने कहा कि असम के युवाओं और किसानों पर अन्याय हो रहा है। यहां के युवा लाखों रुपए लगाकर स्कूल-कॉलेज जाते हैं, लेकिन फिर पता चलता है कि असम में उन्हें रोजगार नहीं मिल सकता।


Hero

नई super Splendor
125cc



सफलता पाएं,
नई लुक अपनाएं.

स्पेशल ऑफर
एक्स-शोरूम कीमत*
~~₹81948~~
कैश डिस्काउंट ₹3000* के साथ
स्पेशल एक्स-शोरूम कीमत*
₹78948

कम डाउन पेमेंट
₹8999**
डिस्क ब्रेक में भी उपलब्ध है

सुपर माइलेज
68 km/l^


नेक्सस ब्लू


कैंडी ब्लेज़िंग रेड


डस्की ब्लैक

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
ASK FOR XTEC

Exchange Powered By
Wheels of Trust^^
बेस्ट रीसेल वैल्यू के लिए स्कैन करें

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply

WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW$
MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY

i3S Technology Idle-Stop-Start System

CALL TOLL-FREE
1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. $Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22) ^Mileage as per third party testing under standard conditions. #HIPL stands for High Intensity Position Lamp. **Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.*Ex showroom price of Super Splendor Drum in Raipur. Special ex-showroom price is inclusive of Cash Discount and applicable for a limited period only.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, अधिकृत ए.एस.सी: राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, चारामा: राठौर ऑटोमोबाईल्स 7470360334, कोण्डागांव: आहूजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 9893126700, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीसगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, छत्तीसगढ़ हीरो (भाटागाँव) 7428048702, अधिकृत डीलर रीप्रजेन्टेटीव: भानपुरी: अपारशा ऑटोमोबाईल्स 9757788320, 6261336946, बनियांगांव: संतू ऑटोकेयर 7999887434, 9131461749, सुकमा: आशुतोष ऑटोकेयर 9425260291, 8889696789, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 2428555, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

WT.5687.2024HIN

सुमति कुमति सब कें उर रहहीं। नाथ पुरान निगम अस कहहीं॥
जहाँ सुमति तहँ संपति नाना। जहाँ कुमति तहँ बिपति निदाना॥

अर्थ : हे नाथ ! पुराण और वेद ऐसा कहते हैं कि सुबुद्धि (अच्छी बुद्धि) और कुबुद्धि (खोटी बुद्धि) सबके हृदय में रहती है, जहाँ सुबुद्धि है, वहाँ नाना प्रकार की संपदाएँ (सुख और समृद्धि) रहती हैं और जहाँ कुबुद्धि है वहाँ विभिन्न प्रकार की विपत्ति (दुःख) का वाश होता है।


# श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

## साध्वी ऋतंभरा से मिल रो पड़े जयभान



अयोध्या। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशिष्ठ निमंत्रित बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया अयोध्या पहुंचे। इस दौरान साध्वी ऋतंभरा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू छलक आए।

## इसरो ने साझा कीं उपग्रह से खींची 'राम मंदिर' की तस्वीरें



### अंतरिक्ष से दिखा खूबसूरत नजारा

*नई दिल्ली। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को महज एक दिन ही बचा है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर हैं। देशभर के मंदिरों में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह है। अयोध्या स्थित मंदिरों को फूलों से सजाया गया है। इसी बीच, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंदिर से जुड़ी ऐसी तस्वीरें साझा की, जिसे आप बार-बार देखेंगे। इसरो ने अपने स्वदेशी उपग्रहों की मदद से अंतरिक्ष से राम मंदिर की तस्वीरें खींची।*

# विधायकों से बोले शाह- राजनीति में कैसे काम करना है, ये बताना बड़ा कठिन

## सफल विधायक बनने हर घटना, हर मुलाकात से हर दिन कुछ न कुछ सीखना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रबोधन सत्र के आखिरी दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, विधायक का रोल बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, वह चुनकर जनप्रतिनिधि के रूप में आते तो उन्हें कौन, क्या सिखा सकता है, राजनीति में कैसे काम करना है, ये उन्हें बताना बड़ा कठिन कार्य है। व्यक्ति चाहे कितना भी अनुभवी क्यों न हो, पर सीखने का समय और उम्र कभी खत्म नहीं होती। जीवन की अंतिम सांस तक सीखते रहना ही सफलता का मूलमंत्र है। अगर सफल होना है तो हर घटना से, हर मुलाकात से, हर दिन कुछ न कुछ सीखना चाहिए।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम के अंतिम दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नए विधायकों से कहा, चुने हुए जनप्रतिनिधि का जनता से संबंध काम आता है। एक जनप्रतिनिधि के पास तीन तरह के दायित्व होते हैं, क्षेत्र का दायित्व, पार्टी के प्रति दायित्व तथा राज्य की प्रगति एवं विकास का दायित्व, जिनका हमें निर्वहन करना पड़ता है। उन्होंने विधायकों को बताया कि अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों का संघर्ष नहीं होना चाहिए, अपितु नियम और प्रक्रिया के तहत उनसे चर्चा करके समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एक अच्छे विधायक को संवेदनशील होना चाहिए, उसमें तत्परता, कुशलता, उत्सुकता एवं जिज्ञासा भी होनी चाहिए। जो सोशल मीडिया का उपयोग कर जीत जाते हैं, उन्हें मैंने हारते हुए भी देखा है।



### अच्छा विधायक बनने के बताए गुर

उन्होंने विधायकों को प्रभावी एवं सफल विधायक बनने के गुर बताते हुए कहा, क्षेत्र के मतदाता से जीवंत संपर्क, नियम प्रक्रियाओं का पूरा ज्ञान, व्यवहार कुशलता, मृदुभाषिता एवं सदन में संयमित भाषा से ही कोई भी प्रभावी विधायक के रूप में अपनी पहचान बना सकता है। उन्होंने कहा, शोर-शराबा करके विधानसभा के अंदर विधायक अपनी पहचान नहीं बना सकते। विधायकों को अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करना चाहिए। उनको अपने विधानसभा क्षेत्र में विरोधियों के प्रति भी अच्छा व्यवहार रखना चाहिए । उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि विधानसभा का सबसे महत्वपूर्ण कार्य कानून बनाना होता है, लेकिन उस समय सभा में विधायकों की उपस्थिति सबसे कम होती है।

### हमारी लोकतंत्र की जड़ें गहरी

जब देश को आजादी मिली, उस वक्त जो लोकतंत्र के पंडित और मीडिया के विद्वान आशंका जता रहे थे कि भारत कैसे चलेगा। भारत खंड-खंड बिखर जाएगा, लेकिन 75 साल हो चुके हैं, पीछे मुड़कर देखते हैं, सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर हमारे लोकतंत्र की जड़ें पाताल से भी गहरी की हैं। पूरी दुनिया को यह संदेश दिया है कि हम सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। त्रि-स्तरीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को हमने बड़ी सफलता के साथ न केवल आत्मसात किया है, बल्कि इसे पूरी दुनिया में पहुंचाया भी है।

### सरल विषय मांगा था, पर कठिन दे दिया

श्री शाह ने चुटकी लेते हुए कहा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह नहीं आ पाए, क्योंकि उनकी कमर में दर्द है तो उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत हो रही है। जब स्पीकर साहब और मुख्यमंत्री का फोन आया तो मैंने कहा, सरल विषय देना, लेकिन उन्होंने सबसे कठिन विषय पकड़ा दिया है। राजनीति में जो चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं, उन्हें प्रभावी तरीके से कैसे काम करना है? ये बताना सबसे कठिन काम है। वे चुनकर जनप्रतिनिधि के रूप में आते हैं तो उन्हें कौन, क्या सिखा सकता है। राजनीति में कैसे काम करना है, ये उन्हें बताना बड़ा कठिन कार्य है।

### प्रश्नकाल का सही प्रयोग करें : अजय

अंतिम दिन प्रबोधन के पहले सत्र में अजय चंद्राकर ने कहा, प्रश्नों में बहुत ताकत होती है। ये लोकतंत्र की आत्मा होती है। इसके माध्यम से जनता की प्रतिवेदनाएं परिलक्षित होती हैं। प्रश्नकाल का सही ढंग से प्रयोग कर एक सशक्त विधायक बना जा सकता है। प्रश्नकाल के लिए कार्यपालिका विधानमंडल एवं मंत्रिमंडल भी सामूहिक रूप से उत्तरदायी होते हैं। इसके माध्यम से राज्य के कार्य को जनता के समक्ष लाया जाता है।

### आर्थिक स्थिति देखकर बनता है बजट : पाण्डेय

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने नवनिर्वाचित विधायकों को बजट का अर्थ, बजट बनाने की प्रक्रिया, उसके प्रकार तथा निर्धारण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महालेखाकार, एक्जिक्यूटिव, विधानसभा की समितियों के माध्यम से आर्थिक नियंत्रण देखा जाता है, ताकि वित्तीय अनुशासन बना रहे। आर्थिक स्थिति को देखकर ही आगामी बजट का निर्धारण किया जाता है। उन्होंने बजट को लेकर विधायकों की जिज्ञासा को भी शांत किया।

# कुकी संगठन ने सुरक्षाबलों पर लगाए आरोप पुलिस ने भ्रामक बताकर किया इंकार

मणिपुर में महीनों से चल रही है जातीय हिंसा

एजेंसी ▶▶ इंफाल

हिंसाग्रस्त मणिपुर के मोरेह शहर में सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों, विशेष रूप से म्यांमार के घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए अभियान शुरू किया है। इस बीच, कुकी संगठन ने आरोप लगाया है कि सुरक्षाबल उग्रवादियों के साथ मिले हुए हैं। हालांकि, इन आरोपों से मणिपुर पुलिस ने इनकार कर दिया है। मोरेह म्यांमार की सीमा से सटा एक कस्बा है और राज्य सरकार का आरोप है कि पड़ोसी देश के शरारती तत्व पूर्वोत्तर राज्य में समस्या पैदा कर रहे हैं। दरअसल, हाल ही में यहां कई हिंसा की घटनाएं हुई हैं। इस बीच, कुकी संगठन ने आरोप लगाया था कि मोरेह में सुरक्षा बलों ने उग्रवादी गुटों के साथ सहयोग किया है। इस पर पुलिस ने बयान जारी कर इन आरोपों को खारिज कर दिया है। उसका कहना है, 'जनजातीय एकता समिति (सीओटीयू) और कुकी इंपी मणिपुर द्वारा लगाए गए यह आरोप कि विद्रोही समूहों का सुरक्षाबल साथ दे रहे हैं, सही नहीं है।



**यह है मामला :** गौरतलब है, 17 जनवरी को मोरह में हुए आतंकी हमले में दो पुलिस कमांडो शहीद हो गए थे, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे। बता दें, पिछले साल मई से मणिपुर में जातीय हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है।
जातीय हिंसा से दहल रहा है मणिपुर

### कुछ लोग मणिपुर को विभाजित करने की कर रहे कोशिश : बीरेन

राज्य दिवस समारोह को लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि भले ही हमें 1972 में ही राज्य का दर्जा दिया गया था, लेकिन मैं उन तत्वों की वजह से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं जो राज्य को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं। मणिपुर आज अपना 52वां राज्य दिवस मना रहा है। मणिपुर ने सन 1972 में राज्य का दर्जा प्राप्त किया था। पूर्वोत्तर राज्य में मेइतेई और कुकी के बीच जातीय हिंसा के कारण जारी तनाव के बीच मणिपुर का राज्य दिवस मनाया जा रहा है। राज्य दिवस समारोह को लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा, 'भले ही हमें 1972 में ही राज्य का दर्जा दिया गया था, लेकिन मैं उन तत्वों की वजह से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं जो राज्य को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं।'

# मॉस्को जा रहा 'फाल्कन 10' विमान अफगानिस्तान में क्रैश, 6 लापता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तालिबान के सूचना एवं संस्कृति प्रमुख ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। यह विमान रूस का बताया जा रहा है। इसमें कुल 6 मेंबर सवार थे। मामले की जांच के लिए एक टीम भेज दी गई है। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा गया था कि यह भारतीय यात्री विमान है। उज्बेकिस्तान के रास्ते भारत से मॉस्को जा रहा एक चार्टर्ड विमान अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बदख्शां में तालिबान के सूचना एवं संस्कृति प्रमुख ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इसने भारत के गया से रूस के जुकोवस्की के लिए उड़ान भरी थी। इसमें चार क्रू मेंबर्स समेत 6 लोग सवार थे। सभी लापता हैं। मामले की जांच के लिए एक टीम भेज दी गई है। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा गया था कि यह भारतीय यात्री विमान है। भारतीय विमान के अधिकारियों ने विमान के भारतीय नहीं होने की बात कही है।



### गया एयरपोर्ट पर भरवाया था फ्यूल

अफगानिस्तान के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होने वाले विमान ने थाइलैंड से उड़ाने भरने से पहले भारत के गया शहर के हवाईअड्डे पर ईंधन भरवाया था। इसके बाद यहां से उज्बेकिस्तान के ताशकंद होते हुए मॉस्को में झुकोव्स्की अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए चार्टर एम्बुलेंस विमान के तौर पर रवाना हुआ था। रूसी अधिकारियों ने बताया कि यह विमान एथलेटिक ग्रुप एलएलसी से संबंधित है। बहरहाल, तालिबान ने एक अलग बयान में विमान को मोरक्को की एक कंपनी का बताया। अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद से वहां अंतरराष्ट्रीय विमानों के संचालन से बचा जाता रहा है।

### अमेरिका के 2 सरकारी स्कूलों में पढ़ाए जाएंगे हिंदी पाठ्यक्रम

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया में पहली बार, सिलिकॉन वैली के दो सरकारी स्कूल अपने पाठ्यक्रम में हिंदी को विश्व भाषा के रूप में शामिल करेंगे। हिंदी भाषा को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश करने के निर्णय का फ्रेमोंट में बड़े स्तर पर भारतीय अमेरिकी समुदाय ने स्वागत किया है। ये लोग अपने बच्चों को स्कूलों में हिंदी सिखाने की मांग कर रहे थे। कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में भारी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के लोग निवास करते हैं। फ्रेमोंट यूनिफ़ाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ने इस पायलट कार्यक्रम को शुरू करने के लिए 17 जनवरी को मतदान कराया था। हिंदी के पक्ष और विपक्ष में 4-1 के अनुपात में वोट पड़े।

## जैकेट के शेष

### सीएम साय शिवरीनारायण, साव...

हुए अपने-अपने राज्यों के कार्यक्रम शामिल होकर अपने राज्यों को राममय करने का बड़ा जिम्मा दिया गया है। छत्तीसगढ़ के लिए भी यही निर्देश भाजपा संगठन का है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए मंत्रियों के कार्यक्रम बने हैं।

**साय दिनभर रहेंगे शिवरीनारायण में :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सोमवार को दिन से लेकर रात तक शिवरीनारायण में रहने का कार्यक्रम है। वहां पर मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना के बाद वे अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम देखेंगे।

**मंत्री, सांसद, विधायक रहेंगे अपने क्षेत्रों में :** प्रदेश के सभी मंत्री, विधायकों के साथ सांसद भी अपने-अपने क्षेत्र में रहते हुए मंदिरों के धार्मिक कार्यक्रमों शामिल होंगे। इसी के साथ रात को अपने क्षेत्र में दीये जलाने के साथ आतिशबाजी के कार्यक्रमों में शामिल होकर दीपावली की तरह पर्व मनाएंगे। इसी तरह से प्रदेश भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र के कार्यक्रमों में शामिल होकर अपने क्षेत्र को राममय करने के साथ दीपावली जैसा पर्व मनाएंगे।

### राम के ननिहाल छग में...

को लेकर सोमवार को राजधानी में 40 से ज्यादा शोभायात्रा निकाली जा रही हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के एक सप्ताह पूर्व से राज्य के अलग-अलग शहरों में अखंड रामायण सहित कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रभात फेरी निकालने के साथ कई तरह के धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। रायपुर में पुलिस को सूचना देकर 18 अलग-अलग स्थानों से रैलियां निकाली गईं। कई जगहों पर तो पुलिस के बगैर पूर्व सूचना दिए रैली का आयोजन किया गया।

**आज रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज राजधानी के अलावा राज्य के सभी शहरों में शोभायात्रा निकालने के साथ अलग-अलग जगहों पर भंडारा तथा मंदिरों में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए जिन थाना क्षेत्रों में शोभायात्रा निकलने के साथ भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। वहां पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

**राजधानी में आज इतनी जगह शोभायात्रा:** पुलिस को जिन संस्थाओं, समितियों ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शोभायात्रा निकालने आवेदन दिए हैं, उनकी संख्या 40 है। पुलिस अफसरों के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन शहर में शोभायात्रा निकालने वालों की संख्या 40 से अधिक रहेगी।

**ट्रैफिक कंट्रोल करना बड़ी चुनौती :** सोमवार को शहर में निकलने वाली शोभायात्रा के साथ आयोजित भंडारे की वजह से कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके लिए पुलिस ने शोभायात्रा निकालने वालों को वालंटियर नियुक्त कर व्यवस्थित रूप से शोभायात्रा निकालने की अपील की है। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक जहां भंडारे का आयोजन होगा, साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाकों से शोभायात्रा निकलेगी, उन स्थानों में जरूरत पड़ने पर ट्रैफिक डायवर्ट किया जा सकता है।

**धार्मिक स्थलों की चौकसी :** प्राण प्रतिष्ठा में किसी तरह से विघ्न की स्थिति निर्मित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी शहरों में सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पुलिस मुख्यालय ने निर्देश जारी किए हैं।

## पेज एक के शेष

### शाह ने समझा ....

है उसमें गोरीला हमला, घात लगाकर हमला, इसी के साथ अब भ्रम फैलाकर हमला करना भी है। पुलिस तक गलत जानकारी भेजकर उनको घेर कर मारने का काम किया जाता है। नक्सलियों के जितने भी तरीके के हमले के पैटर्न हैं, उन सबके बारे में श्री शाह ने बारीकी से जानकारी ली है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी जानने का प्रयास किया कि नक्सलियों के पहले के पैटर्न और अब के पैटर्न में कितना बदलाव आया है। इसके बारे में भी अधिकारियों ने पूरी जानकारी दी। आला अधिकारियों ने नक्सलियों के खिलाफ सूर्य शक्ति अभियान के बारे में भी केंद्रीय मंत्री को पूरी जानकारी दी। इसमें बताया गया कि लगातार नक्सलियों के खिलाफ एक्शन हो रहा है। नक्सलियों को पकड़ने के साथ उनके साथ लगातार मुठभेड़ भी हो रही है।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, गृह सचिव के साथ ही पुलिस विभाग, बीएसएफ, सीआरपीएफ, राज्य खुफिया विभाग के आला अधिकारी शामिल हुए।

### केंद्र की नक्सलवाद ....

करना चाहती है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह का कहना है, तीन साल के अंदर देश से नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए क्या किया जा सकता है, इसको लेकर अब जल्द ही बड़ी रणनीति तैयार होगी। इसमें राज्य सरकार के साथ मिलकर नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। श्री शाह विधानसभा चुनाव के पहले यहां पर सभाओं में कह चुके हैं कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। अब यहां पर इसके लिए बड़ी रणनीति बनाने की पूरी तैयारी है।

### न्याय यात्रा में ....

धक्का-मुक्की हुई। राहुल को बचाते हुए उनके सिक्योरिटी गार्ड उन्हें बस के अंदर वापस ले गए। घटना के दौरान राहुल का काफिला सोनितपुर में था। राहुल ने घटना को लेकर कहा- आज भाजपा के कुछ कार्यकर्ता झंडा लेकर हमारी बस के सामने आ गए। मैं बस से निकला, वो भाग गए। हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज जब हमारा काफिला असम में रैली स्थल की ओर जा रहा था। तब जुमगुरीहाट में हिमंता बिस्वा सरमा के गुंडों ने महासचिव जयराम रमेश की गाड़ी पर पानी फेंका और स्टीकर फाड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने लिखा- भाजपा के लोगों ने हमारी सोशल मीडिया टीम के कैमरामैन और अन्य सदस्यों पर हमला किया, जिनमें 2 महिलाएं भी थीं। कांग्रेस ने एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें कुछ गाड़ियों के शीशे टूटे हुए दिख रहे थे।

### राहुल बोले-जनता

कांग्रेस आगामी चुनावों में भाजपा के खिलाफ भारी अंतर से जीत हासिल करेगी।

# जहां पहली बार श्री राम से मिले थे विभीषण, वहां पहुंचे पीएम मोदी

तमिलनाडु के धनुषकोडी स्थित श्री कोदंडराम स्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपने दो दिवसीय दक्षिण भारत के दौरे के तहत पीएम मोदी रविवार को धनुषकोडी के पास अरिचल मुनाई में पहुंचे। अरिचल मुनाई के बारे में कहा जाता है कि है कि यहीं पर राम सेतु का निर्माण हुआ था।


इसके बाद पीएम मोदी धनुषकोडी पहुंचे, जहां भगवान राम ने रावण को हराने की शपथ ली थी। यहीं से पवित्र मिट्टी लेकर वह लंका के लिए आगे बढ़े थे। इन यात्राओं का काफी महत्व है क्योंकि पीएम सोमवार को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या जा रहे हैं।



### धनुषकोडी मंदिर का महत्व

यह मंदिर श्री कोदंडराम स्वामी को समर्पित है। कोठंडाराम नाम का अर्थ धनुषधारी राम है। यह धनुषकोडी नामक स्थान पर स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि यहीं पर विभीषण पहली बार श्री राम से मिले थे और उनसे शरण मांगी थी। इसके बारे में ऐसा भी कहा जाता है कि यही वह स्थान है जहां श्री राम ने विभीषण का राज्याभिषेक किया था।

## शब्द पहेली - 5402



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवर्णेद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5401 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 5412

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5411 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |




# श्रीरामोत्सव

"राम मंदिर के निर्माण की यह प्रक्रिया राष्ट्र को जोड़ने का उपक्रम है।"
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में
प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह



गरिमामयी उपस्थिति

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**आनंदीबेन पटेल** राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | **डॉ. मोहनराव भागवत** सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ | **योगी आदित्यनाथ** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | **महंत नृत्यगोपाल दास** अध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 22 जनवरी, 2024 | समय : अपराह्न 12:20 बजे | स्थान : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रीअयोध्या धाम

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

सबहि रामु प्रिय जेहि बिधि मोही। प्रभु असीस जनु तनु धरि सोही॥
बिप्र सहित परिवार गोसाईं। करहिं छोहु सब रौरिहि नाईं॥

सभी को श्री रामचन्द्र वैसे ही प्रिय हैं, जैसे वे मुझको हैं। (उनके रूप में) आपका आशीर्वाद ही मानो शरीर धारण करके शोभित हो रहा है। हे स्वामी! सारे ब्राह्मण, परिवार सहित आपके ही समान उन पर स्नेह करते हैं॥

# श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा गंभीर

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक्टिवा सवार पिता की मौके पर मौत हो गई वहीं बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि पटेल चौक दुर्ग के पास अनियंत्रित कार सीजी 8 एवी 9503 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए। एक्टिवा सीजी 07 बीआर 3271 में वार्ड 39 ऋषभ नगर दुर्ग निवासी पिता प्रकाशचंद जैन और बेटा प्रियंक जैन सवार होकर दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इस दौरान दोनों पटेल चौक के पास पहुंचे ही थे कि भिलाई की ओर से कार तेज रफ्तार से आ रही थी।

### ज्वेलरी कारोबार में रकम लगाने का झांसा, ठगी

**भिलाई।** एक दंपति ने रकम जमा करने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी किया है। शिकायत के बाद पुलिस न दंपति के खिलाफ धारा 294,420, 506बी, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि सदर बाजार रोड दुर्गा मंदिर नरोरा कम्पलेक्स दुर्ग निवासी प्रकाश कुमार देवांगन का आरोपी दंपति वार्ड 33 चंडी मंदिर रोड दुर्ग निवासी वी. संतोष आचारी सोनारी और वी रानी सोनी से पुरानी जान पहचान है।



### राममय माहौल में किलारगोदी पहुंचा दुर्लभ पक्षी गिद्ध

मोहला। अयोध्या में श्रीराम लला की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जहां लोग गांव-गांव में पूरे हर्षोल्लास के साथ हवन पूजन अनुष्ठान के साथ-साथ दीप महोत्सव जैसा तैयारी में लगे हुए हैं। इसी दरमियान वनांचल क्षेत्र के अम्बागढ़ चौकी तहसील के किलारगोदी में एक किसान के खेत में गिद्ध प्रजाति के हिमालयन ग्रिफर नामक पक्षी घायल अवस्था में मिला। जिसकी ग्रामीणों ने फॉरेस्ट अमले को सूचना दी। सूचना मिलते ही तत्काल किलारगोदी पहुंचे वन महकमे ने घायल पक्षी गिद्ध को रेस्क्यू करते हुए रायपुर राजधानी पहुंचाया। ग्राम किलारगोदी में अचानक घायल अवस्था में किसान के खेत में गिद्ध आसमान से उड़ते हुए नीचे आ पहुंचा। ग्रामीणों को जैसे ही उक्त पक्षी के बारे में जानकारी मिली, लोग इस पक्षी को गरुड़ का रूप मानते हुए देखने पहुंचे।

# एनएच-30 पर धूं-धूं कर जली यात्री बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुर

जिले के नेशनल हाईवे 30 पुरुर-चारामा मार्ग में राजाराव पठार के निकट टोल प्लाजा के ठीक सामने अम्बे ट्रेवल्स की यात्री बस में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि बस का ब्रेक शू चिपकने की वजह से यह आगजनी की घटना हुई है।

- नारायणपुर से रायपुर आ रही थी अंबे ट्रेवल्स की बस

यात्रियों से भरी बस नारायणपुर से रायपुर जा रही थी, तभी राजाराव पठार के पास टोल प्लाजा के ठीक सामने बस में यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकाले गए। वहीं बस में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर आवाजाही को थोड़े देर के लिए बंद कर दिया गया। हालांकि आग बुझाने के बाद एनएच पर आवागमन फिर से बहाल हो गया था। सूत्रों ने बताया कि बस में काफी संख्या में यात्री सवार थे, बस अपनी पूरी रफ्तार के साथ सुरक्षित ढंग से गंतव्य की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान अचानक बस का ब्रेक शू जाम हो गया।



### यातायात हुआ बाधित

जानकारों के अनुसार ब्रेक शू जाम होने से पहिए में घर्षण बढ़ जाने के कारण आग लगी। हालांकि वाहन चालक और परिचालक को पहिया जाम होने पर महसूस हो गया था कि जरूर कुछ गड़बड़ है। यही वजह है कि वाहनचालक ने समय की नजाकत को भांपते हुए वाहन की रफ्तार कम कर दी और वाहन को एक सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया। इस दौरान बस में आग तेजी से बढ़नी शुरू हो गई थी। लेकिन समय रहते सभी यात्रियों को नीचे उतार लिया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ समय के लिए इस मार्ग में वाहनों की आवाजाही रोक ली थी। इस दौरान बस में लगी आग को भी बुझा लिया गया। इस तरह से एक बड़ा हादसा टल गया।

# मुठभेड़ में मारे गए कंपनी कमाण्डर व पीएलजीए मेम्बर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

दो दिन पूर्व मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को अपना साथी बताते हुए दक्षिण सब जोनल ब्यूरो ने पर्चा जारी किया है। मारे गए नक्सलियों में एक कंपनी कमाण्डर व दो पीएलजीए मेंबर शामिल है। वहीं इस हमले का जिम्मेदार केन्द्रीय गृहमंत्री अतिम शाह, सीएम विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा को बताया है।

- नक्सलियों ने की मारे गए साथियों की शिनाख्त, जारी किया पर्चा

नक्सलियों की दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रवक्ता समता ने प्रेस नोट जारी कर तीन नक्सलियों की मौत की जानकारी देते हुए बताया कि मारे गए तीनों नक्सली बटालियन के सदस्य हैं। ऑपरेशन कागर को रोकने के लिए धर्मारम कैंप पर हमला हुआ है, बीजापुर जिले में धर्मारम पुलिस कैंप पर हमारी पीएलजीए ने हमला किया है। कई घंटों तक चली इस कार्रवाई में मारे गए कामरेड करटम देवा कंपनी कमांडर निवासी करिगुंडम थाना चिंतागुफा वर्ष 2006 में भर्ती हुआ था। मुठभेड़ में मारा गया कामरेड मुचाकी विक्रम गांव चंदा बीजापुर वर्ष 2020 में पीएलजीए में भर्ती हुआ था, वहीं कामरेड मड़कम देवा गांव एर्रापल्ली जिला बीजापुर पीएलजीए सदस्य का कई घटनाओं में योगदान रहा। पर्चा में कहा कि मारे गए तीनों कामरेडों ने दुश्मन का कैंप में हड़कंप मचा दिया था।



### पुलिस की नौकरी नहीं करने अपील

नक्सली प्रवक्ता समता ने जारी पर्चे में कहा कि हमारी पार्टी तीनों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है और उनके लक्ष्य को आखिरी तक ले जाएंगे। इस लड़ाई में पुलिस को भी नुकसान हुआ है। नौकरी के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स जैसे जन विरोधी पुलिस दल शामिल होकर कारपोरेट लूट के लिए जान गंवा रहे हैं उन परिवार के लोगों को हम सहानुभूति व्यक्त कर रहे हैं। वहीं पढ़े लिखे नौजवानों को पुलिस नौकरी में शामिल नहीं होने तथा दूसरे विभागों में नौकरी करने की अपील की गई है।

# खाट के नीचे मच्छर अगरबत्ती लगाई, जिंदा जली बुजुर्ग महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मच्छर मारने के लिए घर में लगाई गई अगरबत्ती से एक बुजुर्ग महिला जिंदा जल गई। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि जामुल निवासी दुखिया बाई 90 शुक्रवार रात अपने कमरे में सोई थी। मच्छर भगाने के लिए बहू ने दुखिया बाई की खाट के नीचे मच्छर मारने की अगरबत्ती रखी थी। रात में ठंड ज्यादा होने पर बुजुर्ग महिला ने कंबल ओढ़ा लेकिन उसका कुछ हिस्सा नीचे लटक गया। देर रात अगरबत्ती के चपेट में पहले कंबल आया उसके बाद दुखिया बाई आ गई। घटना के समय उसके बेटा-बहू दूसरे कमरे में सो रहे थे। महिला की उम्र अधिक होने से आगजनी से उठ नहीं पाई और चपेट में आने से जलने से मौत हो गई। घटना के दौरान महिला की चीख तक बाहर नहीं आई और परिजनों को आग की भनक तक नहीं लग पाई?

- बहू-बेटे ने नहीं सुनी चीख-पुकार
- सुबह मिली बुजुर्ग की लाश

---

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** 'ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। संपर्क करें:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525. (RO-6301)

### सेल्सकर्मी

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़कों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 9424-225533 (RO-379)

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर-10, वेतन 14-20 हजार तक गार्ड 12-18 तक (PF+ ESIC + Bonus, खाना + आवास की सुविधा) 10वीं से स्नातक तक नोटः- वेतन प्रतिमाह 7 तारीख को संपर्क- शिव सेक्युरिटी शॉप नं. 28 कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका, रेलवे स्टेशन, रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4036689, 8806770891, 7052408688 (RO-1084)

### एकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** एक असिस्टेंट एकाउन्टेंट की जो कि Tally ERP एवं MS Office की जानकारी रखता हो। संपर्क करें- जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर फोन 0771-4075490, 7987927854, 7469980000 (RO-1093)

### चौकीदार

**आवश्यकता है-** धनेरा चौक के पास खमरिया रोड पर बन रहे मकान के लिए चौकीदार की आवश्यकता है संपर्क :- 96696-66601. (आरो न.-1001)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु 7 सेल्समेन,1 कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर-1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य,अनुभवी को प्राथमिकता, विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर समय 10.30-9.30, मो.,9425522577, 9340477419. (RO-1412)

### क्लीनिक वर्क

**आवश्यकता है-** आयुर्वेदिक क्लीनिक में कार्य करने हेतु लड़के/लड़किया/पुरुष/महिला जरूरत संपर्कः- डॉ.अग्रवाल गुरूद्वारा स्टेशन रोड दुर्ग मोहन नगर थाना के सामने मो.-98271-99213. (आरो न.-394)

### डिजाइनर

**आवश्यकता है-** एम.जे. मार्केटिंग को आवश्यकता है फ़ोटोशाप, विडिओ मिक्सिंग एवं ग्राफिक्स designing, बैकआफिस- 3, और डिलीवरी बॉय -20 की रहने की सुविधा उपलब्ध है पता- जीत कोल्ड स्टोर के पास, दुर्गा पेट्रोल पम्प के पीछे, गोंदवारा, रायपुर (C.G.) संपर्कः- 07748-084442, 7999826631. (RO-2431)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** स्कूल बस चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवर की आवश्यकता है, वेतन अनुभव एवं योग्यतानुसार। उचित लाइसेंस के साथ सम्पर्क करें। सी पी एस, हीरापुर एवं शंकर नगर, रायपुर, फोन करें 9752148000. (RO-4218)

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है जिसे ऑटोमैटिक और मैनुअल गाड़ी चलाने का अनुभव हो, अपने ड्राइविंग लाइसेंस के साथ इस पते पर संपर्क करें। स्थान: मेट्रो हाइट, नियर होटल लालबाग तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करें:- 97557-77774 मिलने का समय सुबह 8 से 11 तक. (RO-2427)

**आवश्यकता है-** बिस्कुट एजेंसी में कार्य करने हेतु ड्राइवर (TATA ACE) एवं हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें 883 9412038 (आरो न.-392)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** RMO (BAMS/ BHMS) नर्सिंग स्टाफ 4, OT AND X - Ray टेक्नीशियन PRO मार्केटिंग, आयाबाई, अनुभवी को प्राथमिकता, रहने की सुविधा कैलाश कांता हॉस्पिटल कृषकनगर जोरा रायपुर 07712994153, 9300734153.(RO-1882)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** रायपुर में पुरुष कोमा पेसेंट हेतु केयर टेकर की जो कि नर्सिंग कोर्स किया हो एवं जिसे 3 वर्ष का क्रिटिकल केयर का अनुभव हो। वेतन रुपये 18000/- प्रतिमाह रहने की व्यवस्था प्रदान की जावेगी। संपर्क करें:- राकेश अग्रवाल, A-73 लविस्ता कॉलोनी अमलीडीह रायपुर 9575042804 मिलने का समय सुबह 9 से 11 तक. (RO-2428)

### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समेन व साड़ियों का अनुभवी सेल्समेन एवं हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.(RO-1633)

**आवश्यकता है-** सेल्समैन, कंप्यूटर डीटीपी ऑपरेटर, स्क्रीनर, बाईडर, हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क करें:- झाबक कार्डस, सदर बाजार रायपुर (RO-2433)

### घरेलु कार्य/कुक

**आवश्यकता है-** कुक घरेलू अनुभवी 2 सिनियर महिला जिसे सभी तरह का अच्छा खाना बनाना आता हो रहने रूम भी मिल सकता है टाटीबंध के लिए तुरंत संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 8889986669.(RO-2426)

### सेनेटरी शोरूम

**आवश्यकता है-** टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड, मोवा थाना के सामने, रायपुर: मोबाइल: 9827109679. (RO-434)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों एवं टेली आपरेटर (फिमेल) की संपर्क करें राजेश होजियरी, रेमंड एवं माटेकार्लो शोरूम के पीछे मेन रोड पंडरी 9407923601, 9425208201.(आरो-PM)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, वेतन 10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग पश्चात कमाएं 20000 से 25000 सम्पर्क करें:- 9039470547, 7489497447, 7389769528. (RO-32614)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर रहकर आफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10/12वीं पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 रहना फ्री सम्पर्क करें 8827688865, 9685388875. (RO-32603)

### वर्क फ्राम होम

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट /फुल टाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के /लड़कियाँ, ग्रहणीया, स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए (21,500- 67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें:- 9631550466.(RO-2425)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाइम (SMS जॉब) करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 07903284986. (RO-6782)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट, कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें-9330460875, 6296026501.(RO-6759)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (32900- 81770) सुपरवाइज़र, ग्राउंड स्टाफ, चेकर, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (सभी फ्री सुविधाएं) रायपुर 08929328091. (RO-2441)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लड़कियां, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP करें :- 8695963713. (RO-1306)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** फ्रीसेवा घरबैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठें मनाना, ग्रहकलेश, कियाकराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसीभी जड़से खत्म) 7347259119. (RO-12146)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**FLAT FOR SALE -** 3BHK flat for sale from First Owner. 1352 SQFT, 4th Floor Maruti Heritage, Near Colours Mall, Raipur. Inclusive covered Parking, 3 Split ACs. Good Ventilation and Lighting. Interested contact 7387733062. Brokers please excuse. (RO-1092)

### मकान

**मकान बेचना है-** भाटागांव अंतर राज्य बस स्टैंड के पास रावतपुरा कॉलोनी फेस -1, स्ट्रीट नंबर 5, मोहन भवन प्लॉट एरिया 15x60 टोटल 900sqf में निर्मित डबल मंजिला मकान बेचना है प्रथम तल में दो बेडरूम हाल किचन दो लेटबाथ द्वितीय तल भी एक सामान है संपर्कः- 7000439483. (RO-1086)

**बेचना है-** साकेत बिहार चंगोराभाठा में 700 स्क्वायर फीट जमीन पर बना नवनिर्मित नक्शा पास 2 BHK डुप्लेक्स मकान बेचना है फाइनेंस सुविधा उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबरः- 9893124908. (RO-2436)

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** भूमि बेचना है रजिस्ट्री फ्री भिलाई- दुर्ग से नजदीक शिवनाथ नदी के पास, फार्म हाउस के लिए 12 एकड़ में फ्रेश कटिंग प्लॉट मात्र 151/- रू. वर्गफीट मे उपलब्ध है। मो.न. - 9827423470. (आरो न.-382)

**प्लॉट उपलब्ध है-** अम्लेश्वर मे, रायपुरा चौक से 6km. शहर से दो मार्ग, फार्म हाउस, एंव निवेश हेतु सर्वोत्तम 10000, 5000 एंव छोटे प्लाट मे उपलब्ध है। संपर्क - 9691637649, 9993090992. (RO-1085)

### भूमि

**बेचना है-** 5 एकड़ सिंचित भूमि (5 H.P पंप )देवगहन अर्जुंदा डामर रोड पर पोल्ट्री फार्म एवं राइस मिल हेतु अति उत्तम, संपर्क- 9752408700 (आरो न.-393)

## Tour & Travels यात्रा

**यात्रा-** यात्रा 14.2.2024 द्वारकापुरी गुजरात द्वारकाधीश भेंटद्वारका मूलद्वारका छापद्वारका गोमतीद्वारका स्टेच्यू ऑफ यूनिटी द्वादश ज्योतिर्लिंग सोमनाथ नागेश्वर ओंढानागनाथ घृष्णेश्वर त्र्यंबकेश्वर ओम्कारेश्वर अंकलेश्वर शिर्डी शनिसिंगनापुर नांदेड बोरसद पोरबंदर सुदामापुरी रुक्मणी मंदिर द्वितीय यात्रा 2.3.2024 रामेश्वरम पूरा दक्षिण भारत केरल कर्नाटक तमिलनाडु आंध्रप्रदेश तेलंगाना महाराष्ट्र सहित महालक्ष्मी सेवा पंडरी रोड रायपुर 8871611197, 9425580803. (RO-2435)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।








विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ



।। रामो विग्रहवान धर्मः ।।
श्री राम लला
की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर
पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएँ
श्रीमति सावित्री जगत
प्रदेश अध्यक्ष - उत्कल महिला मंच


मुदित मातु सब सखीं सहेली। फलित बिलोकि मनोरथ बेली॥
राम रूपु गुन सीलु सुभाऊ। प्रमुदित होइ देखि सुनि राऊ

सब माताएँ और सखी-सहेलियाँ अपनी मनोरथ रूपी बेल को फली हुई देखकर आनंदित हैं। श्री रामचन्द्रजी के रूप, गुण, शील और स्वभाव को देख-सुनकर राजा दशरथजी बहुत ही आनंदित होते हैं।

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

## खबर संक्षेप

### अप्रैल-दिसंबर में बिजली की मांग आठ प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) में लगभग आठ प्रतिशत बढ़कर 1,221.15 अरब यूनिट (बीयू) हो गई है। यह आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत है। अप्रैल-दिसंबर, 2022-23 में देश में बिजली की मांग 1,132.11 अरब यूनिट रही थी।

### औद्योगिक क्षेत्र की मांग 3.88 करोड़ वर्ग फुट पहुंची



**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख आठ शहरों में औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स खंड में मांग 2023 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान इन शहरों में पट्टा गतिविधियों में आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई। ये आठ शहर मुंबई, दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता और पुणे हैं।

### पामोलीन को छोड़ अन्य तेल-तिलहनों में गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह दाम में आये सुधार के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल की कीमतों में तेजी आई। वहीं अन्य तेल-तिलहनों (मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, बिनौला तेल) के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। कच्चे पामतेल का दाम 910 डॉलर प्रति टन से सुधरकर 930 डॉलर प्रति टन हो गया।

### पेंशन कोष के तहत कुल कोष 11 लाख करोड़ रुपए

pfrda

**नई दिल्ली।** पेंशन कोष विनियामक और विकास प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक मोहंती ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अटल पेंशन योजना के तहत कुल कोष 11 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। प्रबंधन के तहत 11 लाख करोड़ रुपये की संपत्तिकी उपलब्धि 10 जनवरी, 2024 को हासिल की गई थी।' मोहंती ने कहा कि चार महीने 18 दिनों (24 अगस्त, 2023 से 10 जनवरी, 2024) में एयूएम 10 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

# कॉरपोरेट घराने भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के जश्न में शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर कई बड़ी कंपनियों ने परिसर में प्रकाश व्यवस्था में योगदान से लेकर कार्यक्रम को 'मल्टीप्लेक्स' पर लाइव दिखाने तक की घोषणा की है। कुछ कंपनियां समारोह के दौरान क्षेत्र में बिक्री से अपने लाभ का एक हिस्सा पूरे अयोध्या शहर में विशेष खाद्य पदार्थ वितरित करने के लिए दान कर रही हैं।

- बिक्री से अपने लाभ के एक हिस्से को शहर में खाद्य वितरण के लिए कर रही दान

उपभोक्ता क्षेत्र में काम करने वाली कई कंपनियों ने बड़ी संख्या में होर्डिंग, गेट ब्रांडिंग, शॉपबोर्ड और कियोस्क लगाकर अयोध्या राम मंदिर के लिए पवित्र शहर में आने वाले भक्तों को उत्पाद पेश करके 'ऑन-ग्राउंड मार्केटिंग' अभियान शुरू किया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 16 जनवरी को शुरू हुआ और 22 जनवरी तक चलेगा।

## कुछ कंपनियां परिसर में प्रकाश व्यवस्था सहित कार्यक्रम लाइव दिखाएगी

### डाबर मुनाफे का एक हिस्सा दान करेगा

डाबर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा, 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निस्संदेह हमारे इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है। इस अवसर पर डाबर ने 17 जनवरी से 31 जनवरी तक अपने उत्पादों की बिक्री से हुए मुनाफे का एक हिस्सा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को दान करने का फैसला किया है।'



### अदाणी विल्मर की जलेबी बांटने की योजना

अदाणी विल्मर की जलेबी बांटने और एक दिन व्यापक स्तर पर भोग आयोजित करने की योजना बनाई है। कंपनी की अयोध्या में इकट्ठा होने वाले भक्तों की बड़ी भीड़ का ध्यान खींचने के लिए गेट ब्रांडिंग, होर्डिंग्स, शॉपबोर्ड तथा कियोस्क जैसी बीटीएल गतिविधियों को अंजाम देने की भी योजना है।

### अदाणी ब्रांड श्रीमद रामायण का बना प्रायोजक

ब्रांड श्रीमद रामायण की पूरी अवधि का प्रायोजक बनकर टेलीविजन का भी लाभ उठा रहा है, जो कि अयोध्या में समारोह के साथ मेल खाता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंग्शु मलिक ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा प्रत्येक भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### 70 से अधिक शहरों के मल्टीप्लेक्स में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव शो

अग्रणी मल्टीप्लेक्स ऑपरेटर पीवीआर आईनॉक्स ने 22 जनवरी, 2024 को 70 से अधिक शहरों में अपने 160 सिनेमा स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव दिखाने की घोषणा की है। पीवीआर आईनॉक्स के सह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (को-सीईओ) गौतम दत्ता ने कहा कि वास्तव में अनूठे तरीके से भक्तों को इस उत्सव से जोड़ने में सक्षम होना हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी।

## अर्थशास्त्रियों का मानना, नौकरीपेशा लोगों की नजर कर राहत पर

# आम चुनाव से पहले पेश होने वाले बजट में कर मोर्चे पर मिल सकती है कुछ राहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले कुछ दिन में आम बजट पेश करेंगी। बजट में खासकर नौकरीपेशा लोगों की नजर मुख्य रूप से आयकर के मोर्चे पर होने वाली घोषणाओं और राहत पर होती है। अर्थशास्त्रियों की राय इसपर अलग-अलग है। कुछ का कहना है कि सरकार आम चुनावों से पहले अगले महीने पेश होने वाले अंतरिम बजट में मानक कटौती की राशि बढ़ाकर आयकरदाताओं को राहत देने के साथ महिलाओं के लिए अलग से कुछ कर छूट दे सकती है। हालांकि, कुछ यह भी मानते हैं कि यह अंतरिम बजट है, ऐसे में आयकर मामले में बदलाव की उम्मीद नहीं है।

- अंतरिम बजट में मानक राशि को बढ़ाया जा सकता है
- महिलाओं के लिए कुछ अलग से कर छूट मिल सकती है
- अंतरिम बजट में आयकर मामले में बदलाव की उम्मीद कम

### वित्त मंत्री एक फरवरी को करेगी बजट पेश

वित्त मंत्री सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज के चेयरमैन सुदिप्तो मंडल ने कहा, अंतरिम बजट में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को आयकर मोर्चे पर कुछ राहत मिल सकती है। मानक कटौती की राशि बढ़ाकर कुछ राहत दिये जाने की उम्मीद है। फिलहाल मानक कटौती के तहत 50,000 रुपये की छूट है।




### कर व्यवस्था में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं

हालांकि, अर्थशास्त्री और वर्तमान में बेंगलुरु के डॉ. बी आर आंबेडकर स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति एन आर भानुमूर्ति ने कहा, यह अंतरिम बजट होगा। ऐसे में कर व्यवस्था में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्योंकि इसका मकसद पूरे साल का बजट पेश होने तक केवल व्यय बजट पर मंजूरी लेने का होता है।

### पुरानी व्यवस्था में ढाई लाख हजार तक आयकर की दर शून्य

वर्तमान में पुरानी कर व्यवस्था के तहत 2,50,000 रुपये तक की आय पर कर की दर शून्य है। वहीं 2,50,001 रुपये से 5,00,000 लाख रुपये तक की आय पर कर की दर पांच प्रतिशत, 5,00,001 लाख से 10 लाख रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत और 10,00,001 और उससे अधिक की आय पर कर की दर 30 प्रतिशत है।

### नई व्यवस्था में तीन लाख तक आयकर की दर शून्य

वहीं नई व्यवस्था में तीन लाख रुपये तक की आय पर कर की दर शून्य है। 3,00,001 से 6,00,000 रुपये तक की आय पर पांच प्रतिशत, 6,00,001 से 9,00,000 रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत, 9,00,001 रुपये से 12,00,000 रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत, 12,00,001 से 15,00,000 रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत और 15,00,000 रुपये से अधिक की आय पर कर की दर 30 प्रतिशत है।

### दोनों कर व्यवस्था में राहत दी गई है

दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गयी है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।

### महिला मतदाताओं को मिल सकती है कुछ अलग छूट

आर्थिक शोध संस्थान, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी में प्रोफेसर लेखा चक्रवर्ती ने कहा, 'महिला मतदाताओं पर जोर को देखते हुए आयकर कानून की धारा 88सी के तहत महिलाओं के लिए कुछ अलग से कर छूट मिल सकती है।'

# लार्सन एंड टुब्रो ने राम मंदिर का किया निर्माण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का डिजाइन इंजीनियरिंग एवं निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने तैयार किया और उसके निर्माण को भी अंजाम दिया। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी।

राम मंदिर का बहुप्रतीक्षित उद्घाटन सोमवार को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुष्ठान में शामिल होंगे। इसके एक दिन बाद मंदिर को जनता के लिए खोल दिया जाएगा। निर्माण कंपनी ने बयान में कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आदेशानुसार लार्सन एंड टुब्रो ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर का डिजाइन और निर्माण कार्य सफलतापूर्वक किया।

मंदिर वास्तुकला के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। यह मंदिर 70 एकड़ के परिसर में फैला है। इसका डिजाइन वास्तुकला की प्राचीन नागर शैली से प्रेरित है। मंदिर की ऊंचाई 161.75 फुट, लंबाई 380 फुट और चौड़ाई 249.5 फुट है। यह तीन मंजिला मंदिर होगा। इसमें मुख्य शिखर के साथ पांच मंडप- नृत्य मंडप, रंग मंडप, गूढ़ मंडप, कीर्तन मंडप और प्रार्थना मंडप शामिल होंगे। एलएंडटी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एस एन सुब्रमण्यन ने कहा, '' श्री राम जन्मभूमि मंदिर के डिजाइन और निर्माण (का अवसर देने) के लिए हम सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं....'' एलएंडटी भारत की 23 अरब डॉलर की बहुराष्ट्रीय कंपनी है।




- एलएंडटी भारत की 23 अरब डॉलर की बहुराष्ट्रीय कंपनी
- दुनिया के 50 से अधिक देशों में फैला है कारोबार

### कंपनी हाई-टेक विनिर्माण में लगी हुई

यह इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं, हाई-टेक विनिर्माण तथा सेवाओं में लगी हुई है। इसका कारोबार दुनिया के 50 से अधिक देशों में फैला है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम की नई योजना 'जीवन धारा-2' लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने एक नई योजना लांच की है। यह योजना, एलआईसी की जीवन धारा-2 है जो 22 जनवरी से बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। एलआईसी की जीवन धारा-2 एक व्यक्तिगत, बचत, आस्थिगत वार्षिकी योजना है। इस योजना में वार्षिकी ग्राही/प्राथमिक/ माध्यमिक के लिए प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 20 वर्ष वार्षिकी धारक एवं प्रवेश पर अधिकतम आयु 65, 70, 80 वर्ष है, जिसमें से चुने गए वार्षिकी विकल्प के आधार पर स्थगन अवधि घटा दी गई है। वार्षिकी की गारंटी शुरुआत से ही दी जाती है और 11 वार्षिकी विकल्प उपलब्ध हैं। संभावित पॉलिसी धारक की अधिक उम्र में वार्षिकी दरें अधिक होती हैं। जीवन कवर आस्थगन अवधि के दौरान उपलब्ध है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में आज आधे दिन का बंद

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

**रायपुर।** भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ में बैंक ऑफ बड़ौदा की सभी शाखाएं 22 जनवरी 2024 को दोपहर 2.30 बजे तक बंद रहेगी।

## पूंजीकरण में सर्वाधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,67,936.21 करोड़ की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,144.8 अंक 1.57 प्रतिशत नीचे आया। एनएसई और बीएसई पर 20 जनवरी यानी शनिवार को सामान्य कारोबारी सत्रों का आयोजन किया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

# श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सी -14, सेक्टर 8ए, कौशल्या (कमल) विहार रायपुर में स्थित श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ रविवार दोपहर 12 बजे हुआ। इस अवसर पर हॉस्पिटल के सीईओ विनीत सैनी, डायरेक्टर डॉ. निशांत सिंह चंदेल, डायरेक्टर डॉ. कमल कांत आदिले, डॉ. निमेष नेभानी, डॉ. प्रतीक जैन, डॉ. सरस्वती नाग, डॉ. इशरत कौर, डॉ. किंशुक सरभाई एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीईओ विनीत सैनी ने बताया कि हॉस्पिटल में 30 अनुभवी डॉक्टरों से अधिक की टीम, 200 से अधिक अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की टीम है। साथ ही यह हॉस्पिटल 45 आईसीयू बेड, 24 घंटे इमरजेंसी डिपार्टमेंट, 12 बेड डायलिसिस यूनिट तथा 5 ऑपरेशन थिएटर से सुसज्जित है।



बता दें कि श्री वेंकटेश हॉस्पिटल में सभी वर्गों के मरीजों के लिए उपयुक्त दरों में एनएबीएच मानकों के हिसाब से की उच्चतम देखरेख की सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री वेंकटेश हॉस्पिटल नवीनतम तकनीक तथा एआई माध्यम से पेपरलेस हॉस्पिटल है जिससे सभी मरीज अपने हेल्थ चेकअप रिकॉर्ड्स बिना सम्भाले अपने फोन में ही देख सकते हैं।

ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईया है? आंखो पर काले घेरे है? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

# केवल शून्य उत्सर्जन कारें वायु प्रदूषण में लाएगी कमी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा का मानना है कि केवल शून्य उत्सर्जन वाली कारें ही वायु प्रदूषण में कमी लाने, ईंधन आयात घटाने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती हैं। उद्योग के एक वर्ग द्वारा हाइब्रिड कारों पर लगाए गए करों में कटौती की मांग के बीच चंद्रा ने कहा कि ऐसे वाहन शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने, वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार और जीवाश्म ईंधन आयात को कम करने के प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ मेल नहीं खाते हैं।

*हाइब्रिड की तुलना ईवी से नहीं की जा सकती : चंद्रा ने कहा कि कारों में हाइब्रिड और सीएनजी प्रौद्योगिकियां ईंधन दक्षता में सुधार करने और उत्सर्जन-संबंधी अनुपालन को पूरा करने में मदद करती हैं, लेकिन इसकी तुलना शुद्ध बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों से नहीं की जा सकती।*



- टाटा मोटर्स के एमडी चंद्रा का मानना, हाइब्रिड उद्देश्यों से मेल नहीं खाती

*हाइब्रिड को ईवी के समान लाने की जरूरत नहीं : चंद्रा ने बातचीत में कहा, 'सरकार पहले से ही कम कराधान के जरिये हाइब्रिड वाहनों को समर्थन दे रही है और इन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों के समान लाने की कोई जरूरत नहीं है।' हाइब्रिड कारों की तुलना इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से नहीं की जा सकती क्योंकि वे अनिवार्य रूप से प्रदूषण फैलाने वाले 'जीवाश्म ईंधन' पर चलती हैं।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर
Makeover
मो. 9827000035
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरवा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. जाऊलकर
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेंट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

करमनास जल सुरसरि परई, तेहि को कहहु सीस नहिं धरई।
उलटा नाम जपत जग जाना, बालमीकि भये ब्रह्म समाना।।

अर्थ : कर्मनास का जल (अशुद्ध से अशुद्ध जल भी) यदि गंगा में पड़ जाए तो कहो उसे कौन नहीं सिर पर रखता है? अर्थात अशुद्ध जल भी गंगा के समान पवित्र हो जाता है। सारे संसार को विदित है की उल्टा नाम का जाप करके वाल्मीकि जी ब्रह्म के समान हो गए।

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

# राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए अयोध्या पहुंचे स्टार खिलाड़ी, कुंबले-वेंकटेश ने शेयर की तस्वीरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल होने के लिए देशभर के स्टार खिलाड़ी अयोध्या पहुंचने लगे हैं। इस कड़ी में भारत के पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर लखनऊ पहुंचे। कुंबले सोमवार को बहुप्रतीक्षित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। कुंबले के अलावा पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद अयोध्या पहुंच गए हैं। उन्होंने समारोह की तस्वीरें साझा की है। अनिल कुंबले को रविवार दोपहर लखनऊ हवाई अड्डे पर देखा गया और पूर्व भारतीय क्रिकेटर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की पूर्व संध्या पर अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच अनिल कुंबले के पूर्व साथी और तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद राम मंदिर समारोह के लिए अयोध्या पहुंच गए हैं।





### वेंकटेश ने लिखा, जय श्री राम

वेंकटेश प्रसाद ने सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जय श्री राम। क्या क्षण है। सभी जीवन भर की घटना का गवाह बनने के लिए तैयार हैं। हमारे सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक। पूरी अयोध्या और हमारे देश का अधिकांश हिस्सा खुशी से झूम रहा है। अयोध्यापति श्री रामचन्द्र जी की जय।

### दिग्गज खिलाड़ियों को भी मिला है न्योता

बता दें कि राम मंदिर समारोह में एमएस धोनी, विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, आर अश्विन और हरमनप्रीत कौर जैसे भारतीय क्रिकेटरों को आमंत्रित किया गया है। देखने वाली बात होगी कि ये सभी कब अयोध्या पहुंचते हैं।

### ऐतिहासिक दिन पर करने जाऊंगा दर्शन : हरभजन



पूर्व भारतीय क्रिकेटर और आम आदमी पार्टी के सांसद हरभजन सिंह ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक दिन बताया है। पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा है कि दूसरे लोग कुछ भी करें, वह मंदिर जरूर जाएंगे और दर्शन करेंगे। दुबई में एजेंसी से बात करते हुए हरभजन सिंह ने प्रधानमंत्री की तारीफ की। हरभजन सिंह ने कहा कि लोग क्या सोचते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता। मेरी आस्था है और मैं अयोध्या जरूर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी से ऊपर उठकर इसका स्वागत करना चाहिए। हरभजन सिंह ने कहा, मैं निश्चित रूप से मंदिर जाऊंगा। मैं धर्म और भगवान में दृढ़ विश्वास रखता हूं। मैं आशीर्वाद लेने के लिए हर मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे जाता हूं। जब भी मौका मिलेगा मैं मंदिर जाऊंगा। इसमें कोई संदेह नहीं है। देश के लोगों को मेरी शुभकामनाएं। प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। जितना संभव हो उतने लोगों को कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए और आशीर्वाद लेना चाहिए। यह एक ऐतिहासिक दिन है। भगवान राम सभी के हैं। यह बहुत बड़ी बात है।

### रामभक्त अफ्रीका के खिलाड़ी महाराज ने दी शुभकामनाएं



*दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी केशव महाराज ने सोमवार को होने वाली अयोध्या में राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' को लेकर भारतीय समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गौरतलब हो कि भगवान राम और हनुमान के भक्त केशव महाराज ने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी को नमस्ते। मैं अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए साउथ अफ्रीका में अपने भारतीय समुदाय को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। सभी के लिए शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ज्ञान हो। जय श्री राम।*

## खबर संक्षेप



### सानिया ने की तलाक की पुष्टि

**नई दिल्ली।** सानिया मिर्जा के परिवार ने रविवार को भारतीय टेनिस स्टार और शोएब मलिक के अलग होने की पुष्टि की। मलिक ने एक दिन पहले अभिनेत्री सना जावेद से दूसरे निकाह की घोषणा की थी। सानिया के परिवार द्वारा जारी बयान के अनुसार, 'सानिया ने अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को हमेशा लोगों की नजरों से दूर रखा है। लेकिन आज उनके लिए यह बताना जरूरी हो गया है कि कुछ महीने पहले ही उनका और शोएब का तलाक हो चुका है। वह शोएब को उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं देती हैं।'

### भारत को स्पिनर दिलाएंगे जीत

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का मानना है कि भारत का शानदार स्पिन आक्रमण बेन स्टोक्स एंड कंपनी के खिलाफ पांच मैच की घरेलू श्रृंखला में उन्हें जीत दिलायेगा।



पहला टेस्ट गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होगा। इंग्लैंड ने भारत में अभ्यास मैच खेलने के बजाय अबुधाबी में तैयारी करने का फैसला किया। इंग्लैंड की टीम में सिर्फ जैक लीच ही अनुभवी स्पिनर हैं जबकि टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद कम अनुभवी हैं। भारतीय टीम में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे स्पिनर शामिल हैं।

### लॉरेंस इंग्लैंड टीम में शामिल, ब्रुक हटे

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को घोषणा की कि हैरी ब्रुक भारत के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेलेंगे और उनकी जगह मध्यक्रम बल्लेबाज डैन लॉरेंस को शामिल किया गया है।



ब्रुक निजी कारणों से तुरंत स्वदेश लौट जायेंगे। ईसीबी ने कहा कि गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए ब्रुक की जगह सर्रे के 26 वर्षीय लॉरेंस सोमवार को टीम से जुड़ेंगे और भारत जाएंगे। श्रृंखला से पहले अभ्यास शिविर के लिए ब्रुक टीम के साथ अबुधाबी पहुंचे थे।

### मान सिंह ने एशियाई मैराथन में जीता स्वर्ण

**हांगकांग।** मान सिंह रविवार को यहां एशियाई मैराथन चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय एथलीट बने।



मान सिंह (34 साल) ने दो घंटे 14 मिनट और 19 सेकेंड का समय निकाला, इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल मुंबई मैराथन में दो घंटे 16 मिनट 58 सेकेंड का था जिससे वह 11वें स्थान पर रहे थे।

## आस्ट्रेलियन ओपन : मानारिनो को 6-0, 6-0, 6-3 हराया

# 58वीं बार अंतिम-8 में पहुंचे जोकोविच फेडरर के ग्रैंडस्लैम रिकॉर्ड की बराबरी


एजेंसी ⏭ मेलबर्न

*सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने रविवार को यहां एड्रियन मानारिनो पर 6-0, 6-0, 6-3 की जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और रोजर फेडरर के सर्वकालिक ग्रैंडस्लैम रिकॉर्ड की बराबरी की। 10 बार के आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोकोविच ने एक घंटे 44 मिनट में मिली जीत के दौरान 31 विनर जमाए और मेजर में 58वीं बार अंतिम आठ में प्रवेश कर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच 14वीं दफा आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और उनकी निगाहें 25वें ग्रैंडस्लैम एकल खिताब पर लगी हैं।*

*अब उनका सामना 12वें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। फ्रिट्ज पिछले साल यहां उप विजेता रहे स्टेफानोस सिटसिपास पर 7-6 (3), 5-7, 6-3, 6-3 की जीत से पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे।*



जोकोविच 14वीं दफा आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



### सबालेंका और गॉफ की शानदार जीत

महिलाओं के वर्ग में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका और अमेरिकी ओपन विजेता कोको गॉफ ने शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम जीता था। उन्होंने अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-2 से हराया। उनका सामना 16 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और नौवें नंबर की खिलाड़ी बारबोरा क्रेजसिकोवा के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। सितंबर में अमेरिकी ओपन में पहला मेजर जीतने वाली गॉफ ने मागडालेना फ्रेच को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी और अब उनकी भिड़ंत सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक से होगी जिन्होंने मारिया टोमाफीवा को 6-2, 6-1 से हराकर पहली बार मेजर के अंतिम आठ में जगह बनाई।

# टी20 मैच 42 रन से जीता पाक, न्यूजीलैंड के नाम 4-1 से सीरीज



एजेंसी ⏭ क्राइस्टचर्च

पाकिस्तान रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 42 रन से हराकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप होने से बच गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 134 रन बनाए।

यह श्रृंखला में मेहमान टीम का न्यूनतम स्कोर था, इससे पहले टीम ने पिछले चार टी20 में 180, 173, सात विकेट पर 179 और पांच विकेट पर 158 रन बनाए थे। लेकिन हेगले की खराब पिच पर यह स्कोर भी काफी साबित हुआ और न्यूजीलैंड की टीम महज 92 रन के स्कोर पर सिमट गई। पाकिस्तान के लिए इफ्तिखार अहमद नायक साबित हुए जिन्होंने 11 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे न्यूजीलैंड के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। इफ्तिखार ने टिम सिफर्ट (19), मैट हेनरी (01) और ईश सोढी (01) को आउट किया जबकि विल यंग (12) का कैच लेकर आउट किया और मार्क चैपमैन (01) को रन आउट करने में भूमिका अदा की। इससे पाकिस्तानी टीम श्रृंखला में 0-5 से हारने से बच गयी और न्यूजीलैंड ने 4-1 से श्रृंखला जीती। पाकिस्तान की पारी में मोहम्मद रिजवान ने 38 और फखर जमां ने 33 रन बनाए।

### पुजारा के 20 हजार रन, सौराष्ट्र ने दर्ज की पहली जीत

*नागपुर। चिराग जानी के पांच विकेट की बदौलत गत चैम्पियन सौराष्ट्र ने रविवार को यहां रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन विदर्भ को 238 रन से रौंदकर सत्र की पहली जीत दर्ज की। सौराष्ट्र के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 66 रन की पारी के दौरान यादगार उपलब्धि हासिल की। वह सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बाद 20,000 प्रथम श्रेणी रन जुटाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। विदर्भ की टीम 373 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए जरा भी चुनौती पेश नहीं कर सकी।*

# सात्विक-चिराग इंडिया ओपन में उपविजेता, कैंग-सियो को खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ की जोड़ी के खिलाफ रविवार को यहां पुरुष युगल फाइनल में इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी को फाइनल में कैंग और सियो की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी के खिलाफ एक घंटा और पांच मिनट में 21-15, 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2018 के चैंपियन युकी ने कड़े फाइनल में हांगकांग के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी ली च्युक यीयू को 54 मिनट में 23-21, 21-17 से हराकर दूसरी बार इंडिया ओपन जीता।



### ग्रैंडमास्टर गुकेश ने वार्मरडैम को हराया

**विज्क आन ज़ी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम को हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की, जिससे वह संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए। इस जीत से गुकेश ने संभावित सात में से 4.5 अंक हासिल कर लिए हैं और अब वह उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।



# एमबापे के दो गोल, 4-1 से जीता पीएसजी

एजेंसी ⏭ पेरिस

किलियान एमबापे ने दो गोल करने में मदद की और दो गोल दागे जिससे पेरिस सेंट जर्मेन ( ) ने शनिवार को यहां ओरलियांस को 4-1 से हराकर फ्रेंच कप के राउंड 16 में प्रवेश किया। एमबापे ने 16वें और 62वें मिनट में दो गोल दागे जिससे इस सत्र के 26 मैच में उनके गोल की संख्या 28 हो गई।

फिर एमबापे ने 71वें मिनट में क्रास से गोंकालो रामोस को और 88वें मिनट स्थानापन्न मिडफील्डर सेनी मायुलु को गोल करने में मदद की। अनुभवी स्ट्राइकर विसाम बेन येडर की हैट्रिक की बदौलत मोनाको ने रोडेज पर 3-1 की जीत से पीएसजी के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। लेकिन 2022 के विजेता नानटेस को लावाल से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड 32 के अन्य मुकाबले में नाइस ने बोर्डेक्स पर 3-2 से जीत हासिल की। ब्रेस्ट ने भी ट्रेलिसाच पर 2-1 की जीत से अगले दौर में प्रवेश किया।



## रणजी ट्रॉफी: मध्य प्रदेश ने 86 रन से दर्ज की जीत

# लचर प्रदर्शन से दिल्ली की एक और शर्मनाक हार

एजेंसी ⏭ इंदौर

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण दिल्ली को रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी में मध्य प्रदेश से 86 रन से हार का सामना करना पड़ा जो इस सत्र में उसकी दूसरी पराजय है। मध्य प्रदेश से पराजय दिल्ली को इसलिए भी ज्यादा आहत करेगी क्योंकि उसने मैच के पहले दिन मेजबान टीम को 171 रन पर आउट करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। इसके जवाब में दिल्ली ने 205 रन बनाकर पहली पारी में 34 रन की बढ़त हासिल की थी। मध्य प्रदेश ने खेल के तीसरे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 5 विकेट पर 157 रन से आगे बढ़ाई और 251 रन बना कर दिल्ली के सामने 218 रन का लक्ष्य रखा। मध्य प्रदेश की तरफ से कप्तान शुभम शर्मा ने 73 रन बनाए। दिल्ली के बल्लेबाजों ने फिर से निराश किया और उसकी पूरी टीम 131 रन पर आउट हो गई। केवल वैभव कांडपाल (125 गेंद पर नाबाद 49) ही गेंदबाजों का डटकर सामना कर पाए। दिल्ली को अपने पहले मैच में पुडुचेरी से हार का सामना करना पड़ा था जबकि जम्मू कश्मीर के खिलाफ उसका मैच खराब मौसम से प्रभावित रहा था। इस ड्रॉ मैच में दोनों टीम ने अंक बांटे। पुडुचेरी से हार के बाद दिल्ली ने कप्तानी में बदलाव किया था तथा यश ढुल की जगह हिम्मत सिंह को कप्तान बनाया था, लेकिन इससे भी टीम का भाग्य नहीं बदला।



### 55 रन से जीता देहरादून

*पुडुचेरी ने देहरादून ने खेले गए मैच में उत्तराखंड को 55 रन से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। पुडुचेरी ने पहली पारी में 204 रन बनाकर उत्तराखंड को 123 रन पर आउट कर दिया था। उसने दूसरी पारी में 131 रन बनाकर उत्तराखंड के सामने 213 रन का लक्ष्य रखा था। गौरव यादव ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 53 रन देकर सात विकेट हासिल किए और उत्तराखंड को दूसरी पारी में 157 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई।*



जा पर कृपा राम की होई। ता पर कृपा करहिं सब कोई॥
जिनके कपट, दम्भ नहिं माया। तिनके ह्रदय बसहु रघुराया॥

जिन पर राम की कृपा होती है, उन्हें कोई सांसारिक दु:ख छू तक नहीं सकता। परमात्मा जिस पर कृपा करते है उस पर तो सभी की कृपा अपने आप होने लगती है। और जिनके अंदर कपट, दम्भ (पाखंड) और माया नहीं होती, उन्हीं के ह्रदय में रघुपति बसते हैं अर्थात उन्हीं पर प्रभु की कृपा होती है।

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा

# प्राण प्रतिष्ठा में पधार रहे वीवीआईपी को बॉक्स में मिलेगा पवित्र 'प्रसादम'

**अयोध्या।** आज यानी 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा. राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। राम मंदिर के साथ-साथ पूरी अयोध्या को सजा दिया गया है। कार्यक्रम के लिए कई सारे वीवीआईपी को न्योता दिया गया है। इसी बीच वीवीआईपी गेस्ट को मिलने वाले प्रसाद का वीडियो सामने आया है।

## क्या चीजें हैं प्रसादम में शामिल

वीडियो में प्रसाद का जो बॉक्स दिखाई दे रहा है उस पर राम मंदिर की फोटो के साथ बड़े अक्षरों में प्रसादम लिखा हुआ है। प्रसाद के बॉक्स को खोलते ही उस पर एक तरफ कंद मूल, सरजू नीर, कुंकुम और रुद्राष्टम लिखा है। नीचे श्लोक भी लिखे हुए हैं। वीडियो में प्रसाद के बॉक्स में एक छोटी सी बोतल, कुंकुम और लड्डू नजर आ रहे हैं।




## देश भर के मंदिर फूलों और लाइटों से सजे

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले देशभर के राम मंदिरों सहित अन्य मंदिरों को लाइटों और फूलों से सजा दिया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सजे हुए मंदिर की तस्वीरें भी जारी की गई है। मंदिर को सजाने के लिए थाईलैंड और अर्जेंटीना से फूल मंगाए गए हैं।

## विदेशों से भी आ रहे हैं मेहमान

बता दें कि आज 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कई लोगों को निमंत्रण दिया गया है। इन लोगों में विदेशों के भी लोग शामिल हैं। ट्रस्ट की ओर से इन मेहमानों को प्रसाद के साथ एक खास स्मृति चिह्न भी दिया जाएगा जो राम जन्मभूमि से जुड़ा होगा। विदेशों से आने वाले मेहमानों के लिए भी ऐसी व्यवस्थाएं की गईं हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। जहां विदेशी मेहमान ठहरेंगे वहां बहुभाषी लोगों को भी रखा गया है ताकि वे मेहमानों की भाषा व भावनाएं समझ सकें।

## लिखी हुई है चौपाई



प्रसाद के डिब्बे में रक्षा सूत्र (कलावा) भी और राम दीया भी प्रसाद के रूप में है। इसका रामभक्त राम ज्योति जलाने में प्रयोग कर सकते हैं। प्रसाद के डिब्बे पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लोगो के अलावा महाबली हनुमान के धाम हनुमान गढ़ी का लोगो भी होगा। इसमें चौपाई लिखी है- 'राम नाम रति, राम गति, राम नाम बिस्वास! सुमिरत सुभ मंगल कुसल, दुहूँ दिसि तुलसीदास!!'

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
हड्डी रोग विभाग
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी व्दारा घुटने के लिगामेंट का पुर्ननिर्माण
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

जोड़ों के दर्द से समझौता न करें
अभी कॉल करें
7876977777

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
स्पाईन केयर क्लिनिक
- मिनिमल इन्वेसिव स्पाईन सर्जरी (छोटे से चीरे द्वारा स्पाईन सर्जरी)
- सर्वाइकल स्पाईन इन्ज्यूरी
- स्पाईन टीबी
- स्पाईन रिहेबिलिटेशन सेंटर (दुर्घटना में स्पाईन की पुरानी चोट या फ्रैक्चर से परेशान)
- गर्दन, पीठ व कमर में दर्द/जकड़न
- स्कोलियोसिस (कूबड़)
- स्लिप डिस्क
- साइटिका
- स्पाईन कैंसर
डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आयुष्मान योजना एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा
डॉ. मनीन्द्र भूषण
MS, DNB (Ortho), FNB(Spine Surgery)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737







Authorised Main Dealer:- RAIPUR- .SAI TVS Fafadih Tel 9821661674. BHARAT TVS G.E. Road Tel 9111499111 HIRA TVS Telibandha Tel. 8527434712 AVVNI TVS Lodhipara Tel. 9630098300, SAI TVS Lalpur Tel 6262222900 SAI TVS Aarang Tel 6262626001, DURG- SSD TVS Tel. 8602816642. BHILAI- ISHAN TVS Tel. 8871212121 8602121212. SACHDEV TVS Tel. 7722909249, 9826122334., LCK TVS Tel. 7587093217. DHAMTARI- SCOOTER HOUSE TVS Tel. 8305690952., KANKER- AAYESHA TVS Tel. 9821660146. , JAGDALPUR- MAHAVEER TVS Tel. 9111001971, 224409. DANTEWADA :- BASTAR TVS Tel. 9821661781. DALLIRAJHARA- GURUDEV TVS Tel. 7303658472. MAHASAMUND- AJAY TVS Tel. 9179917004, 8719850001. KONDAGAON- BHARAT TVS Tel. 7786296611. BALODABAZAR- KANIKA TVS Tel. 8979428844. KAWARDHA - Shri Gurunanak TVS Tel. 9993309707, BEMETARA - Shri Arihant TVS Tel. 7000629201.
Authorised Dealer:- Rajim - Arihant Automobiles Tel. 9826113240. Gariyaband - Dikesh Motors Tel- 8720000334. Abhanpur - Om Auto Tel-9893369485. Goharpadar - Ganesh Auto Care Tel. 8319380089. Nawapara - Shri Kushal Auto Tel. 8839487677, Chhura - Patel Automobiles Tel. 8889994949. Pakhanjur - Bengal Cycle and Auto Parts Tel. 9425593572. Charama - N Sai Automobiles Tel. 9039179813. Keshkal - Harsh Automobiles Tel. 7000818373. Kurud - Bhilai Auto Tel. 8982652500. Noora ( Tilda) - Pratik Automobiles Tel. 9300414173. Donde Khurd - R M Motors Tel.9826133734. Sukma - P R Automobiles Tel. 9479011000. Bagbhara - Khalsa Auto Care Tel- 9300210400. Bagbhara - Kaunain Auto Tel- 9685864876. Komakhan - Kanij Auto Care Tel. 9685864876. Jhalap - Shri Balaji Automobiles Tel. 8120004100. Bhanupratapur - Subhash Motors Tel- 9755249656. Birgaon - Om Shree Motors Tel. 8839096897. Chandkhuri Farm - Deepak Auto Tel. 9754500040. Bhanpuri - Kunal Automobiles Tel- 9425516644. Mana Basti - Mani Motors Tel- 8319025275. Ambagarh Chowki - Bharat Auto Tel. 9827196076. Dongargaon - Bharat Auto Tel. 9827196076. Pandatarai - Shri Sai Motor's Tel. 8305728281. Dongargarh - Reyansh Auto Tel. 7415344077. Pandariya - Jyoti Agency Tel. 9893592635. Utai- NAVNEET MOTORS Tel. 9981072555. Patan - Dev Auto Tel. 9981086462. Gurur- GURUDEV MOTORS Tel. 9907796983. Junwani Road - Darsh Motors Tel. 7000414216. Thankhamariya - Shubham Motors Tel. 8085529444. Anda - Siya Motors Tel- 9893533628 Nagpura - Abhi Motors Tel. 9893237240. Bhatapara - Indian Motors Tel. 9302622777. Simga - Avneet Motors Tel. 9300643500. Risali - Naresh Motors Tel. 7898368258. Mohla - Shubham Motors Tel. 9399757956. Balod - Sourabh Motors Tel. 9111151115 MANABASTI - MANI MOTORS Tel. 8319025275. Kumhari- Laxmi Auto Tel. 9770492802. Bijapur - Dhanlaxmi Auto Tel. 9399587930. NAGARNAR - Shri Automobiles Tel. 7606090102 BASNA - Ajay Motors Tel. 7694994962, 8719850001. Kharora - Pratik Automobiles Tel. 8269934173. NAGRI - DIKESH AUTO Tel. 9981761572, Bande - Ramkrishna Auto Tel. 6267093399.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com